14- JAN- BSP- p-1_Layout 1 1/15/2024 1:47 AM Page 1

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 15 जनवरी 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान

अधिकतम 29.8 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री






## खबर संक्षेप

### आज रिवरव्यू से निकाली जाएगी हेलमेट रैली

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ अवसर पर 15 जनवरी की सुबह 8.30 बजे अरपा रिवरव्यू से विशाल हेलमेट रैली का शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान रैली, पुराना पुल होते हुए देवकीनंदन चौक, सिम्स चौक, सदर बाजार से गोलबाजार, गांधी चौक, पुराना हाईकोर्ट से शिव टाकीज चौक, तारबाहर लिंक रोड, अग्रसेन चौक,सत्यम चौक, डीआईजी तिराहा, इंदू चौक, मुख्य डाकघर तिराहा, बृहस्पतिबाजार, जेल तिराहा से अम्बेडकर चौक होते हुए पुलिस लाइन में समापन किया जाएगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 को प्रारंभ किया जाएगा। डीएसपी संजय साहू ने बताया, रेली द्वारा स्लोगन बोर्ड के माध्यम से हेलमेट की आवश्यक एवं अनिवार्यता का संदेश दिया जाएगा।

### गोदांबा उत्सव का समापन आज, बंटेगी खिचड़ी

**बिलासपुर।** सदर बाजार स्थित प्राचीन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रहे गोदांबा उत्सव का समापन सोमवार 15 जनवरी को सुबह 11 बजे किया जाएगा। उत्सव के समापन और मकरसंक्रांति के उपलक्ष्य में खिचड़ी का महाप्रसाद भगवान को अर्पित किया जाएगा और खिचड़ी का भंडारा किया जाएगा।

### अग्निवीर वायु भर्ती के लिए 17 से जमा होंगे आवेदन

**बिलासपुर।** इंडियन एयरफोर्स ने अग्निवीर वायु भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। 3500 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया 17 जनवरी से शुरू होगी। 6 फरवरी 2024 आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख होगी। कैंडिडेट्स को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैथ्स, फिजिक्स और इंग्लिश से 12वीं पास होना जरूरी है। इसके अलावा इंजीनियरिंग डिप्लोमा रखने वाले कैंडिडेट्स आवेदन कर सकते हैं। 17.5 साल से 21 साल आयु वाले युवा आवेदन कर सकेंगे। वेबसाइट agnipath-vayu. cdac.in पर सैलरी, चयन प्रक्रिया आदि की जानकारी ली जा सकती है।

### एयू की प्री-पीएचडी की परीक्षा 20 को

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी प्री-पीएचडी की परीक्षा लेने जा रही है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने तिथि घोषित कर दी है। परीक्षा 20 जनवरी को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगी। इसके लिए तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें एयू के कोनी भवन में पुस्तकालय विज्ञान, गणित, सूक्ष्म जीवविज्ञान, भौतिक शास्त्र, राजनीतिशास्त्र, समाज शास्त्र, प्राणीशास्त्र के उम्मीदवारों की परीक्षा होगी। वहीं साइंस कॉलेज में वनस्पति शास्त्र, रसायन शास्त्र, वाणिज्य, कंप्यूटर साइंस, अर्थ शास्त्र, शिक्षा शास्त्र की परीक्षा होगी। इसके अलावा बिलासा गर्ल्स कॉलेज में अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी, गृह विज्ञान, इतिहास और विधि के उम्मीदवारों की परीक्षा होगी।

### बदली समय सारिणी अब 30 से होगी परीक्षा

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा पर होने वाले शहर के कार्यक्रम को देखते हुए सेमेस्टर परीक्षा की समय सारिणी बदल दी है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरुणधर दीवान ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर छात्र मांग कर रहे थे। इसे देखते हुए समय सारिणी बदली गई है। परीक्षा अब 30 जनवरी से शुरू होगी। एक पाली में परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक होगी। अंतिम परीक्षा 19 फरवरी को है। इसके लिए 27 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रायोगिक परीक्षा की भी तिथि बढ़ा दी गई हे। इसमें 18 हजार से अधिक छात्र परीक्षा देंगे।

# लोकमानस में रचे-बसे हैं श्रीराम

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा से पहले बढ़ी धार्मिक पुस्तकों की बिक्री



**राम चित्रों से बाजार में रौनक**

बाजार में प्रभु श्रीराम और राम दरबार के चित्रों की बिक्री भी तेज है। फोटो फ्रेमिंग की दुकानों पर फिलहाल लोगों को श्रीराम के चित्र सबसे ज्यादा चाहिए। यहां फ्रेमिंग के लिए बड़े बड़े राम दरबार ऑर्डर पर दिए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बाजार में रामायण और श्रीरामचरित मानस इत्यादि ग्रंथों की बिक्री भी बढ़ गई है। कोरोना के दौरान धार्मिक पुस्तकों के स्वाध्याय में जो रुचि दिखी थी, वह अब राम जन्मभूमि मंदिर का सपना साकार होने पर अधिक दिख रही है। लोगों का आध्यात्मिक रुझान बढ़ने से दुकानदार उत्साहित हैं। वह बताते हैं कि पिछले एक माह में जितनी बिक्री रामायण की हुई है वह पिछले डेढ़ वर्ष में भी नहीं हुई। लोग गिफ्ट में अब रामायण भेंट कर रहे हैं। जिले में दस दिन में ही रामायण की डिमांड तेजी से बढ़ी है। खास बात है कि युवा वर्ग कि इसमें अधिक रुचि है। प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबों के साथ ही रामायण, सुंदर कांड, दथरथ नंदन जैसी किताबें भी खरीदीं जा रही हैं। महिलाएं भी बुक स्टाल में पहुंचकर राम और रामायण से संबंधित किताबें खरीद रहीं हैं। बिक्री को देखते हुए रामायण, रामचरितमानस और सुंदरकांड की किताबें अंग्रेजी में भी उपलब्ध हैं। रावण पर भी किताबें उपलब्ध हैं और बिक भी रहीं हैं। रंगीन रामायण भी उललब्ध है जिसमें सचित्र पूरा वर्णन किया गया है।

- लोगों का आध्यात्मिक रुझान बढ़ने से व्यापारी उत्साहित
- पिछले एक माह में जितनी बिक्री उतनी डेढ़ वर्ष में नहीं हुई

अयोध्या में भव्य प्रभु राम मंदिर निर्माण पूरा होने के बाद प्राण प्रतिष्ठा की घड़ी नजदीक आ रही है। राममय माहौल में रमें शहर में इन दिनों ग्रंथो की बिक्री का ग्राफ सबसे ऊपर है। प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिर, घरों में रामायण आदि पाठ होंगे। जाहिर है कि मांग में भी तेजी आई है। गीता प्रेस प्रतिष्ठानों के अलावा बड़ी बुक स्टॉल पर रामायण जमकर बिक रही है।

श्रीबुक डिपो के संचालक नरेन्द्र गुप्ता और प्रतीक गुप्ता बताते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तिथि निर्धारण बाद बिक्री में इजाफा हो गया है। पिछले एक माह में ही तीन सौ से अधिक रामायण बिक चुकी हैं। उनके मुताबिक फिलहाल सवा सौ प्रकार की 3 हजार धार्मिक किताबें उनके स्टोर में है। बुक स्टोर संचालकों के अनुसार कोरोना के समय लाक डाउन की लंबी अवधि में धार्मिक पुस्तकों की मांग में बढ़ोतरी हुई थी। अब प्राण प्रतिष्ठा की तिथि घोषित होने के बाद रामायण और रामचरित मानस ज्यादा बिक रही है। पहले महीने में एक-दो प्रति बिक्री होती थी। अब रोज 10-15 रामायण की डिमांड है। धार्मिक पुस्तकें कम पड़ रही हैं, प्रतियां और मंगवाने के लिए आर्डर दिए जा रहे हैं।



पुस्तकों के साथ श्री बुक मॉल के संचालक प्रतीक गुप्ता

### इनकी मांग सबसे अधिक

बाजार में वाल्मीकि रामायण, श्रीरामचरित मानस, विष्णु पुराण, शिव पुराण, महामुनि शुकदेव की भागवत कथा, स्वामी रामसुख दास लिखित श्रीमद्भागवत गीता और महाभारत के ग्रंथों की बिक्री में वृद्धि हो गई है। इसके साथ ही रामायण, सुंदर कांड, दशरथ नंदन श्री राम, सीता, इच्छावाकु के वंशज, राम कथा, सद्चरित मानस, आशुतोष राणा लिखित राम राज्य, सी राजगोपालाचारी की दशरथ नंदन श्रीराम, नरेन्द्र कोहली की राम कथा, इस्कान की रामायण अधिक बिक रही है।

### हर कोई बनना चाहता है साक्षी

पं बृजेश जी महाराज के मुताबिक अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शहर, पूरे देश और विदेश में उत्सव का माहौल है। 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जोर-जोर से तैयारी भी चल रही हैं। हर कोई इस क्षण का साक्षी बनना चाहता है। यही वजह है कि श्री रामचरितमानस श्री हनुमान चालीसा और श्रीमद् भागवत गीता की मांग इतनी बढ़ गई है कि स्टाक कम पड़ रहे हैं।

### 25 से लेकर हजार-1200 में किताबें

बुक स्टाल संचालकों के अनुसार धार्मिक किताबें कम कीमत पर है ताकि हर कोई इसका लाभ ले सके। श्रीरामचरितमानस यानी रामायण गीता प्रेस का न्यूनतम 100 रुपए, 200 रुपए, 300 रुपए, 450 रुपए, 500 रूपए, 850 रुपए एवं अधिकतम 1600 रुपए कीमत है। वहीं भागवत महापुराण 750 रुपए और 1200 रुपए में उपलब्ध है। इसके साथ ही चारों वेद में ऋग्वेद 4 खंड में 1400 रुपए, अथर्वेद 2 खंड 700 रुपए, यजुर्वेद 1 खंड- 400 रुपए, सामवेद 1 खंड 400 रुपए में उपलब्ध है, वहीं श्रीमद्भागवत गीता कम से कम 25 रुपए, 60 रूपए, 80 रुपए, 95 रुपए, 300 रुपए, 450 रुपए में उपलब्ध है। वहीं ज्योतिष शास्त्र की किताबें 60 रुपए से लेकर 600 रुपए तक है. तंत्र साधना की किताबें 150 रुपए से लेकर 1200 रुपए तक उपलब्ध है।

## सकरी रोड सिंचाई कालोनी के पास हुआ हादसा

# नशे में धुत चालक ने आटो, कार, स्कूटी बोलेरो को मारी टक्कर, 2 घायल

### पुलिस ने पीछा कर कार सहित चालक को पकड़ा





जब्त कार व इनसेट में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सकरी रोड में नशे में धुत कार चालक ने आटो, स्कूटी, वेगनआर, बोलेरो को टक्कर मार दी और भागने लगा, पुलिस ने पीछा कर कार सहित चालक को पकड़ लिया है। हादसे में तीन लोगों को चोट आई है। गंभीर रूप से घायल स्कूटी सवार को सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अपराध कायम कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

दुर्घटना दोपहर 12.15 बजे सकरी रोड में हुई। सकरी निवासी राधे यादव पिता स्व. सुखीराम यादव आटो क्रमांक सीजी 10 एक्यू, 2172 को चलाते हुए भरनी जा रहे थे। सिंचाई कालोनी के सामने बिलासपुर की ओर से जा रही कार क्रमांक सीजी 10 बीएच, 5500 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी आटो को टक्कर मार दी। भागने के फेर में कार चालक ने स्कूटी सवार पारस धमानी, वेगन आर कार क्रमांक सीजी 10 एफए, 7286 व एक बोलेरो को टक्कर मार दिया और भागने लगा। हादसे में स्कूटी सवार व आटो चालक को चोट आई व अन्य वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गंभीर रूप से घायल स्कूटी सवार को सिम्स में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है, उनका हाथ फैक्चर हो गया है। पुलिस ने आटो चालक श्री यादव की रिपोर्ट पर कार चालक इमलीपारा निवासी रवि सिंह ठाकुर को धारा 279, 337 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।





दुर्घटना में घायल युवक।

### नशे में था कार चालक

हादसे की सूचना मिलते ही सकरी थाने की पेट्रोलिंग गाड़ी मौके पर पहुंचकर कार के पीछे लग गई। डेंटल कालेज के पास ओवरटेक कर कार सहित चालक रवि सिंह को पकड़ लिया गया। चालक रवि नशे में था।

### गर्ल्स कालेज के पास हुआ था हादसा

पिछले दिनों अम्बेडकर चौक गर्ल्स कालेज के पास नशे में धुत कार सवार ने सड़क किनारे खड़ी 8 छात्राओं को टक्कर मारते हुए पेड़ में गाड़ी घुसा दी थी। हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई थी। पुलिस ने हिट एंड रन का मामला दर्ज कर चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।





कार की टक्कर से क्षतिग्रस्त वेगनआर व स्कूटी।




# अयोध्या की सीता रसोई बनी प्रेरणा, खोली राम रसोई

अयोध्या की सीता रसोई की तर्ज पर शहर के प्रतिष्ठित लोगों ने मिलकर राम रसोई की शुरूआत की, पिछले दो साल से प्रतिदिन 300 लोगों का भोजन इस रसोई में बनाया जा रहा है, जिसे पाने के लिए रोजाना जरूरतमंदों की कतार लगती है। रसोई को शुरू किए दो साल बीत चुके हैं और अब इसके शहर के अन्य जगहों पर भी शुरू किए जाने की योजना है।

शहर के बीचों बीच बस स्टैंड और गोंड़पारा में दोपहर 12 से 2 बजे तक राम रसोई के पंडाल में लोगों का जमघट रहता है, माता सीता की रसोई से प्रेरित होकर विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों द्वारा राम रसोई की शुरूआत की गई थी। 15 जनवरी 2022 को शुरू की गई इस रसोई को 2 साल पूरे हो चुके हैं, रोजाना यहां 300 लोगों का खाना बनाया जा रहा है, यह खाना जरूरतमंद, मजदूर और भूखे लोगों को खिलाया जाता है, खाने के लिए लोगों से महज 10 रूपए बतौर शुल्क लिया जाता है। इस बारे में राम रसोई के सदस्य राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि खाने वाले को यह ना लगे कि वह फ्री का खाता है, इसलिए सदस्यों के द्वारा इसका शुल्क रखा गया है, खाने में प्रतिव्यक्ति व प्रति प्लेट 30 से 40 रूपए की लागत आती है, अतिरिक्त राशि सदस्यगण स्वयं के फंड से चुकाते हैं। इसके लिए उन्होंने अपनी व्यवस्था बना रखी है और सदस्य प्रति माह 1 हजार रूपए का दान करते हैं।

» शहर में दो स्थानों में दो साल से चल रहा है रसोई



**हर रोज 300 लोग पाते हैं भरपेट भोजन**

### सात्विक भोजन, अच्छा प्रयास

श्री अग्रवाल ने बताया कि रोजाना विहिप के सदस्यों द्वारा ही भोजन बनाया जाता है। हाल ही में सदस्यों ने लोगों के प्रयास से उनके ही जन्मदिवस, एनिवर्सिरी के लिए रसोई में जरूरतमंदों को खाना खिलाना शुरू किया है। इस कार्य में सदस्य राजीव अग्रवाल,बबीता ताम्रकार, विनय गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, ऐश्वर्य चतुर्वेदी की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### प्रतिदिन 9 हजार का खर्च

सदस्यों ने बताया कि 30 रूपए के हिसाब से 300 थाली का भोजन बनाने में प्रतिदिन 9 हजार का खर्च रसोई पर पड़ता है, 10 रूपए शुल्क लिया जाता है, जिससे 3 हजार की व्यवस्था होती है और बाकी रूपए सदस्यों के दान से मिल जाता है। अब तक पौने तीन लाख लोगों को भोजन कराया जा चुका है।

## चुनाव के कारण स्थगित भर्ती प्रक्रियाएं अभी तक शुरू नहीं हो सकी

# 4 महीने से रुकी 880 पदों पर भर्ती प्रक्रिया, अब जल्द शुरू होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) की तरफ से चुनाव के कारण स्थगित भर्ती प्रक्रियाएं अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। नई सरकार के गठन को भी करीब एक महीना हो चुका है। हालांकि अब संकेत मिले हैं कि ये परीक्षाएं अगले सप्ताह से शुरू हो सकती हैं। दरअसल सहायक व जूनियर इंजीनियर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सर्वेयर, अनुरेखक, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, प्रयोगशाला सहायक समेत अन्य पदों के लिए आचार संहिता लगने से पहले आवेदन मंगवाए गए थे।

आचार संहिता लगने के कारण पिछले तीन महीने से ये भर्तियां अटकी हुई थीं। साथ ही व्यापमं के अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद कई दिनों तक यह पद खाली रहा। पिछले दिनों नए अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ने की आस बढ़ी है। जानकारों का कहना है कि परीक्षा या आवेदन के लिए अध्यक्ष की सहमति जरूरी है। अध्यक्ष नहीं होने के कारण भर्ती प्रक्रिया में देरी हुई है।

### हजारों छात्र इंतजार में

» कृषि, बैंक और विद्युत विभाग के पदों पर होनी है भर्ती, आवेदन भी किए गए

गौरतलब है कि सितंबर और अक्टूबर महीने के बीच इन पदों के लिए आवेदन मंगवाए गए थे। विज्ञापन में ही आवेदन मंगवाने की अंतिम तिथि दी गई, परीक्षा तिथि निर्धारित नहीं थी। प्रदेश में चुनाव होने के कारण अधिकारियों को पता था कि आचार संहिता के कारण भर्तियों में व्यवधान आएगा। इसी कारण से वो परीक्षा तिथि की घोषणा नहीं किए थे। अभ्यर्थियों को अनुमान था कि प्रदेश में जैसे ही आचार संहिता समाप्त होगी, वैसे ही भर्ती प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। लेकिन एक महीने का समय बीत जाने के बाद भी भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। परीक्षा के संबंध में व्यापमं की तरफ से अभी तक कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं।

### अपेक्स बैंक की परीक्षा सबसे पहले

अपेक्स बैंक के तहत होने वाली भर्ती परीक्षा सबसे पहले होगी। इसके तहत कनिष्ठ प्रबंधक (कंस्ट्रक्शन, मेंटेनेंस), उप प्रबंधक (उपयंत्री), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (कृषि विशेषज्ञ), कनिष्ठ प्रबंधक (आइटी, प्रोग्रामर), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (आइटी विशेषज्ञ), उप प्रबंधक (प्रोग्रामर), सहायक प्रबंधक (सहायक प्रोग्रामर) के कुल 23 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए बड़ी संख्या में आवेदन मिले हैं। 29 अक्टूबर को व्यापमं से यह परीक्षा होने वाली थी, लेकिन इसे आगामी आदेश तक स्थगित किया गया। जानकारी के मुताबिक यह परीक्षा जनवरी में होने की संभावना है।




### इन पदों पर होनी है भर्ती

| | |
|---|---|
| ◆ सहायक व जूनियर इंजीनियर (बिजली विभाग) | 429 पद |
| ◆ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी | 305 पद |
| ◆ सचिव वरिष्ठ व कनिष्ठ (मंडी बोर्ड) | 30 पद |
| ◆ वरिष्ठ प्रबंधक (अपेक्स बैंक) | 03 पद |
| ◆ सहायक सांख्यिकी अधिकारी (कृषि) | 17 पद |
| ◆ प्रयोगशाला सहायक (कृषि) | 10 पद |
| ◆ सर्वेयर(कृषि) | 78 पद |
| ◆ अनुरेखक (कृषि) | 08 पद |

### जिनके विज्ञापन जारी हुए उनके आवेदन भी जल्द

डाटा एंट्री आपरेटर, छात्रावास अधीक्षक, लैब टेक्नीशियन समेत अन्य पदों के लिए विज्ञापन जारी हो चुके हैं। आचार संहिता लगने के कारण आवेदन की तिथि जारी नहीं हो पाई थी। जिसके कारण आवेदन प्रक्रिया भी रुकी हुई है।व्यापमं जल्द ही इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर सकता है। जनवरी में आवेदन लेने के बाद फरवरी में परीक्षा भी आयोजित की जा सकती है।अधिकारियों ने बताया कि तैयारी पूरी कर ली गई है। जल्द ही समय-सारणी जारी की जाएगी।

### आरक्षक भर्ती के लिए 15 फरवरी तक भरे जाएंगे फार्म

पुलिस विभाग में सिपाही, ड्राइवर और ट्रेडमैन के करीब 6 हजार पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 15 फरवरी तक फार्म भरे जाएंगे। इसमें सामान्य वर्ग की फीस 200 रुपए है। एसटी, एससी के लिए 125 रुपए। इसी तरह इस भर्ती के लिए जनवरी 2023 की स्थिति में आवेदक की उम्र 18 साल से कम और 28 साल से ज्यादा नहीं होना चाहिए। पूर्व सैनिक, राज्य सरकार से पदक प्राप्त उम्मीदवार और अन्य को भर्ती में छूट दी गई है। इसके लिए दस्तावेज पेश करना होगा।

## खबर संक्षेप

### गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश परब पर बच्चों ने सीखा गतका



**बिलासपुर।** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा दयालबंद में सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश परब बड़े ही श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। जिसके लिए श्री सुखमणि साहिब सर्कल ने बच्चों के लिए गतका सिखलाई कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप में 8 जनवरी से 14 जनवरी तक अमृतसर के संतोष सिंह एवं सिमरजीत सिंह की देखरेख में बच्चों को गतका सिखाया गया। जिसमें 4 साल से लेकर 22 साल तक बच्चों ने हिस्सा लिया। कैंप में 150 से अधिक लोगों ने बढ़ चढ़कर अपना योगदान दिया। नगर कीर्तन में वीरता और कार्यक्रम को सफल बनाने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सदस्य नरेंद्र पाल सिंह गांधी, मनदीप सिंह गांधी, सुरेंद्र सिंह छाबड़ा एवं दलजीत कौर सलूजा हरमीत कौर गंभीर, रविंदर कौर छाबड़ा, मनप्रीत कौर मक्कड़, प्रिंसी कौर गंभीर, रविंदर कौर गंभीर, संदीप कौर सलूजा, जसमीत कौर सावनी, तरनजीत कौर छाबड़ा, मनजीत कौर सैनी, दविंदर कौर सलूजा, अंजलि सलूजा, गुनीत कौर अरोरा, रोशनी कौर अरोरा, हरप्रीत कौर गांधी आदि का योगदान रहा।

#### शौर्यता का प्रदर्शन आज

15 जनवरी शाम 4 बजे गुरुद्वारा दयालबंद से लेकर सेंट्रल गुरुद्वारा गोंड पारा तक एक विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है। जिसमें यह छोटे-छोटे बच्चे गतका के माध्यम से अपनी वीरता और शौर्यता का प्रदर्शन करेंगे।

### भगवान राम की झांकी के साथ निकलेगी राम रथयात्रा 22 को



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण विकास परिषद द्वारा 22 जनवरी को सरकंडा से अयोध्या में राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के बाद विप्र भवन इमली पारा के लिए भगवान राम की झांकी निकाली जाएगी। समाज के अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला व परिषद के महासचिव संजय गौरहा (शर्मा) ने बताया कि प्रभु श्रीराम की बालरूप में जीवंत झांकी निकाली जाएगी। झांकी रथ की तैयारी के लिए संजय गौरहा शर्मा, भगवान राम के लिए निर्मेश गौरहा, प्रसाद के लिए नवरत्न शुक्ला, फूलमाला के लिए नागेंद्र धर शर्मा, विक्रम धर दीवान को जिम्मेदारी दी गई है। परिषद द्वारा आयोजित राम रथ यात्रा, सरकंडा नंदीश्वर मंदिर से पूजा पाठ के बाद निकलेगी। बैठक में डॉ प्रदीप शर्मा, संजय गौरहा (शर्मा), संजय बसंत शर्मा, उमाशंकर शर्मा, सत्येंद्र दिवेदी, राजेश शुक्ला, विनोद शर्मा, निर्मेश गौरहा, ज्योतिंद्र उपाध्याय, शैलेन्द्र पाठक, नवरत्न शुक्ला, विक्रम धर दीवान, सुरेश शर्मा सहित अन्य ने विचार व्यक्त किया। विप्र भवन में प्रसाद वितरण की व्यवस्था ब्राह्मण महिला परिषद करेगी। यह जानकारी जयश्री शुक्ला और संगीता शुक्ला ने दी।

### सामाजिक सम्प्रीति दिवस पर भेदभाव मुक्त समाज बनाने का संकल्प



**बिलासपुर।** मकर सक्रांति पर जेपी हाईट्स विकास समिति के तत्वावधान में रविवार 14 जनवरी से माघी पूर्णिमा तक जाति भेद मुक्त समरस समाज बनाने के संकल्प के तहत सामाजिक सम्प्रीति दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका संचालन सुश्री स्नेहा, सुहानी व बांसुरी ने किया। परिसर के नन्हें मुन्ने कृष्णा, रुद्रांश, दीपांश, कायरा, आरना, आद्या, तन्मय, आदर्श, सार्थक सहित अनेक बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आज के आयोजन में समिति के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, डॉ निशांत शुक्ला, डॉ आर के पांडेय, अरविंद छाबड़ा, मनोज अग्रवाल, संदीप ठाकुर, निलेश अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, निशा , नीता, मोनिका, हनी, नेहा, भावना, दीपिका, करिश्मा, अदिति, अर्चना, पिंकी, दक्षा, दिव्या, बीना, प्रमोद अवस्थी, अखिलानन्द पांडेय, अनिल तिवारी सहित शुभम विहार के लोग शामिल हुए। सभी ने तिल-गुड़, खिचड़ी प्रसाद का सेवन किया। श्री अग्रवाल ने बताया कि जेपी हाईट्स की महिला मंडली 16 जनवरी से 22 जनवरी तक शाम 7 बजे से 8 बजे तक श्रीराम संकीर्तन कर करेंगी। 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दीपावली मनाई जाएगी।

### भाजपा पश्चिम मंडल के सदस्यों ने मंदिर की सफाई कर रंग रोगन किया



**बिलासपुर।** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व व विधायक अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन पर 14 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आयोजित स्वच्छ भारत अभियान के तहत विशेष स्वच्छता अभियान राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर मंडल में चलाया जाना है, जिसमें रविवार 14 जनवरी को उप्र भाजपा व विधान परिषद के सदस्य उत्तर प्रदेश छत्तीसगढ़ विस्तारक प्रभारी व उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने 27 खोली चौक विकास नगर में मंदिर की साफ सफाई कर रंग रोगन किया। इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत, मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह भोगल सहित कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर सफाई की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा श्री राम मंदिर का निर्माण हमारी संस्कृति का आधुनिक प्रतीक बनेगा। आज यहां श्री गणेश मंदिर में सेवा करने का मुझे अवसर मिला। इस अवसर पर अमित चतुर्वेदी, पार्षद सुनीता मानिकपुरी, वैभव गुप्ता, पंकज जायसवाल, कार्तिक यादव, ध्रुव देवांगन, श्रद्धा तिवारी, श्वेता पांडे, माया पबनानी, गुलशन खांडेकर, आयुष चतुर्वेदी, रोहित केवट, सुभाष जैन, जनक राम साहू, रोहित राजपूत, कृष्ण कुमार, मनहरण लाल वर्मा, जीअनंत आदि मौजूद थे।

# लोहड़ी पर्व: ढोल की थाप और भांगड़ा-गिद्दा पर जमकर थिरके लोग

**बिलासपुर।** पंजाबी संस्था, पंजाबी हिन्दू महिला और युवा संस्था ने मिलजुलकर रविवार को मकर संक्रांति की शाम लोहड़ी उत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर पंजाबी बिरादरी ने पूरे विधि-विधान से लोहड़ी प्रज्ज्वलित की। पंजाबी समाज के लोग लोहड़ी के इर्द-गिर्द ढोल की थाप के साथ भंगड़ा व गिद्दा करते हुए जमकर थिरके। बिलासपुर के गोविन्दम पैलेस में आयोजित लोहड़ी उत्सव पर मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल और उनकी पत्नी श्रीमती शशि अग्रवाल खास तौर पर मौजूद थे। दोनों ने समाज के सदस्यों को लोहड़ी की बधाइयां दी।
पंजाबी संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि ने कहा कि लोहड़ी त्यौहार हमें, हमारे बड़े-बुजुर्गों के त्याग की याद दिलाता है। यह त्यौहार हमें, हमारी संस्कृति और सभ्यता से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को पर्वों का महत्व बताने और उन्हें अपनी मिट्टी और सभ्यता से जोड़ने की दिशा में पंजाबी समाज यह कार्यक्रम प्रति वर्ष आयोजित करता है। लोहड़ी पूजन के साथ नए वर्ष की शुरुआत का विशेष महत्व है। इस दिन, सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है, जिसे शुभ माना जाता है और लोहड़ी को एक नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर बिलासपुर के पंजाबी समाज ने पूरे रस्मो-रिवाज के साथ लोहड़ी जलाकर गीत गाए और ढोल की थाप पर पंजाबी थीम के गीतों और भंगड़ा- गिद्दा के साथ नाचते हुए एक दूसरे को मूंगफली, रेवड़ी और फुल्लियाँ, गुड़, गजक और मक्के बांटे। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे-संवरे लोगों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी। महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने ग्रुप और सोलो परफॉर्मेंस में पंजाबी डांस, पंजाबी बोलिया, पंजाबी गीत, पंजाबी टप्पे, भंगड़ा डांस, पंजाबी गिद्दा प्रस्तुत किया। हॉउजी और फेंसी ड्रेस के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में "सेल्फी पॉइंट" विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पूरे गोविन्दम पैलेस को दुल्हन की तरह सजाया गया था। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन कीर्ति गुरुदत्ता ने किया। इस मौके पर डॉ राकेश सहगल ने बिलासपुर की पंजाबी संस्था का इतिहास और उनके प्रेरणादायी पूर्व अध्यक्षों व सेवाभावी बुजुर्ग सदस्यों के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि, डॉ राकेश सहगल, जगदीश दुआ, आशिष दुआ, श्रीमती छाया ठकराल, श्रीमती सोनल सलूजा, कमल छाबड़ा, अनुज त्रिहान, दिनेश उथरा, कीर्ति गुरुदत्ता, राजेश दुआ और महेंद्र सेठी, रवि खन्ना, श्रीमती नमिता ऋषि, श्रीमती रजनी ऋषि, श्रीमती ज्योति दुआ सहित पंजाबी संस्था तथा महिला एवं यूथ विंग के सभी सदस्य मौजूद रहे।



गोविन्दम पैलेस में लोहड़ी का आनंद लेते लोग।



पारिजात एक्सटेंशन नेहरू नगर में मनाई गई लोहड़ी।

दो दिवसीय सीजी एपिकॉन के समापन में शामिल हुए डिप्टी सीएम साव

# कोविड में साबित हुआ चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व का प्रतिनिधित्व करेगा भारत

**बिलासपुर।** चिकित्सकों को धरती का भगवान कहा जाता है, यह बात यूं ही नहीं कही जाती। कॉविड-19 के वैश्विक महामारी के समय डॉक्टर ने अपनी जान की परवाह के बिना, छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश को सुरक्षित किया है। कॉविड-19 के समय भारत ने यह साबित किया है कि आने वाले समय में भारत चिकित्सा के क्षेत्र में भी विश्व का प्रतिनिधित्व करेगा।

उक्त बातें सीजी एपिकॉन के 16वें वर्ष के आयोजन में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण अरुण साव ने कही। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही गौरव बात है कि तीन पीढ़ी के चिकित्सक एक जगह उपस्थित हैं। नई शिक्षा तकनीक, दवाइयां और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विचार मंथन किया गया है। शहर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन से ज्ञान का आदान-प्रदान होता है। वहीं बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि समाज का हर वर्ग चिकित्सकों का ऋणी है, और किसी भी कीमत पर इसे चुकाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर एपिकॉन के नए अध्यक्ष नवीन दुल्हानी ने शपथ ग्रहण किया।



सीजी एपिकॉन के समापन अवसर पर शामिल डिप्टी सीएम व अन्य अतिथि।

#### चिकित्सा में गौरवशाली स्थान बनाएंगे: डॉ रायजादा

इस अवसर पर ऑर्गेनाइजिंग चेयरमेन डॉ अविजीत रायजादा ने बताया एपिकॉन की शुरुआत 38 रजिस्ट्रेशन से हुई थी। आज हम 380 रजिस्ट्रेशन के साथ डॉक्टर के एक विशाल ज्ञानवर्धन समूह के साथ खड़े हैं। जल्द ही यह संख्या 3800 होगी। हम भारत में चिकित्सा के क्षेत्र में एक अलग और गौरवशाली स्थान बनाएंगे। इस अवसर पर शहर के चिकित्सकों ने अपने शिक्षकों का सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ सुबीर मुखर्जी रायपुर, डॉ सूरज अग्रवाल रायपुर, डॉ मानिक चटर्जी रायपुर , डॉ देव श्री सरकार रायपुर, डॉ सनत शर्मा रायपुर का सम्मान किया गया।

#### अब तकनीकी अपडेट होना भी जरूरी

डॉ सूरज अग्रवाल एवं डॉ मानिक चटर्जी ने कहा कि पहले के विद्यार्थियों ने कम संसाधनों पर मेहनत करके आज इस योग्य बने गए हैं। आज विद्यार्थियों को अधिक सुविधा मिल रही है। तकनीकी रूप से भी समृद्धि आई है। टेक्नोलॉजी के उन्नत होने से छत्तीसगढ़ के चिकित्सक और भी अधिक दक्ष और कुशल होंगे।

सिकल सेल जांच का विशाल कैम्प, लोगों ने लिया लाभ

# शोभा टाह फाउंडेशन के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 2800 मरीजों ने कराई जांच

**बिलासपुर।** शोभा टाह फाउंडेशन द्वारा श्रीमती शोभा टाह की पुण्य स्मृति में लगातार 17 साल से निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष रविवार को सिकल सेल जैसे गंभीर विषय पर निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क स्वास्थ शिविर में गौर बोस मेमोरियल सिकल केयर सेंटर, सिहारे चिल्ड्रन हॉस्पिटल व सीएसआईआर रायपुर के डॉ प्रदीप पात्रा सहित विशेषज्ञों व टेक्नीशियनों की टीम ने मरीजों की जांच व इलाज किया। शोभा टाह फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल टाह ने कहा कि ये शिविर का आयोजित करने में कई दिनों की मेहनत लगती है, जिसके लिए एक पूरी टीम लगातार मेहनत करती है।

सिकल की जांच में 97 नए रोगियों की जांच की गई एवं 80 पुराने मरीजों ने भी रक्त जांच करवा कर चिकित्सकों से उपचार कराया । इन रोगियों को निशुल्क दवा भी वितरित की गई। कैम्प में नेत्र चिकित्सकों की टीम ने नेत्र परीक्षण भी किया, जिसमें 2800 मरीजों ने परीक्षण कराया, साथ ही 2000 निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए।



स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित शोभा टाह फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल टाह व अन्य।

#### अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने शिविर में दी सेवाएं

शिविर में शहर के अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी, जिनमे डॉ प्रदीप सिहारे, डॉ बीआर होतचंदनी, डॉ एसके तिवारी, डॉ राजकुमार खेत्रपाल, डॉ हेमंत चटर्जी, डॉ सौरभ लूथरा, डॉ संदीप केड़िया, डॉ राजीव शिवहरे, डॉ आरपी मिश्रा, डॉ देवेंद्र सिंह, डॉ मधु मिश्रा, डॉ मनोज चंद्राकर, डॉ अनिल जायसवाल, डॉ पंकज साहू, डॉ आर ए शर्मा, डॉ पुष्कल द्विवेदी, डॉ विनोद कुमार आदि शामिल थे। न्यू होराइजन डेंटल कॉलेज व त्रिवेणी डेंटल कॉलेज की टीम ने निःशुल्क दंत परीक्षण किया।

#### सच्चिदानंद तीर्थ व विधायक अमर ने दी पुष्पांजलि

शिविर में श्री चक्रमहामेरु पीठाधिपति श्रीश्री सच्चिदानंद तीर्थ महाराज एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल ने श्रीमती टाह की तस्वीर पर पुष्पांजलि दी व दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अवनीश शरण ने आयोजन स्थल का जायजा लिया। शिविर में कार्तिकेय गोयल, श्रीमती ईडा बोस, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, राजेन्द्र शुक्ला, महेश दुबे, अभय नारायण राय, समीर अहमद, आमिल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अयोध्या में मंदिर नहीं राष्ट्र का हो रहा निर्माण

**बिलासपुर।** प्रभु श्रीराम के जीवन में विभिन्न समाज का योगदान व उनके आदर्शो का अंगीकार करने का एक छोटा सा प्रयास सामाजिक चेतना का रामोदय कार्यक्रम 14 जनवरी को सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। इस के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छग प्रांत प्रचारक प्रेम शंकर सिदार, विशिष्ट अतिथि रेवा राम, अभय सिंह व मुख्य वक्ता विद्याभारती के प्रांतीय अध्यक्ष जुडावन सिंह रहे। मंच संचालन भृगु अवस्थी ने किया। मुख्य अतिथि प्रेम शंकर ने कहा कि आज अयोध्या में सिर्फ मंदिर निर्माण ही नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण हो रहा है। सभी राष्ट्र अपने आदर्शों के प्रति सजग रहे। हम सभी सौभाग्यशाली है जो जो इस अमृत काल के साक्षी बनने जा रहे। राम जन जन के हृदय में निवास करते हैं। इसे हम गांवों की रामायण मंडली में देखते हैं। यही हमारे धर्म की आस्था है। जिसे आज हम भूलते जा रहे। अब समय आ गया कि यदि हम रामराज्य की कल्पना करते हैं तो हमे सभी समाज पंथ के प्रति आज ज्यादा दायित्व है, जो इस कार्यक्रम में देखने को मिल रहा। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में जो विभिन्न समाज, कारसेवक , किन्नर समाज के लोग शामिल हुए यही तो राम के प्राण हैं। जिन्हे आज सम्मान मिल रहा है। यही तो रामोदय का उदयकाल है। इसी भावना को प्रकटीकरण करने के लिए समाज में इस कार्यक्रम की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में स्वर्ण समाज के लोगो ने सभी समाज प्रमुखों का पैर धोकर सामूहिक पंगत में बैठाकर सामाजिक समरसता का दर्शन कराया। पैर धोने वालों में बृजेंद्र शुक्ला, राजेश सिंह, ललित माखीजा, देवेन्द्र कौशिक आदि रहे। इस कार्यक्रम में आशीष शुक्ला, राजा जैसवानी, अमित तिवारी, बबीता ताम्रकार, मनीषा सिंह, महेश उपाध्याय, राजेश बिसेन, सूरजधर दीवान, विकास शुक्ला, पुरषोत्तम अग्रवाल, रितेश अग्रवाल आदि शामिल रहे।



सामाजिक चेतना के रामोदय कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

# शिक्षा के विकास में पं. दुबे का स्वत्य योगदान

**बिलासपुर।** सीएमडी महाविद्यालय में 14 जनवरी को महाविद्यालय के संस्थापक स्व.पं. द्वारिका प्रसाद दुबे की स्मृति में 'संस्थापक दिवस' मनाया गया। समारोह में वक्ताओं ने समाज सेवी स्व. पं. द्वारिका प्रसाद दुबे के व्यक्तित्व और कृतित्व के विभिन्न पहलुओं का उल्लेख करते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस अंचल को दिए गए उनके योगदान का स्मरण किया। शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे ने कहा कि सन 1956 में जब स्व. पं. द्वारिका प्रसाद दुबे ने सीएम दुबे महाविद्यालय की स्थापना की थी। उस समय इस अंचल में उच्च शिक्षा की सुविधाओं का नितांत अभाव था। उन्होंने इसकी पूर्ति कर उच्च शिक्षा संबंधी सुविधाओं के विकास में स्वत्य योगदान दिया। हम उनके द्वारा किए गए समाज सेवा संबंधी विविध कार्यों जैसे- अस्पताल, धर्मशाला और शिक्षा संस्थान की स्थापना से प्रेरणा लेकर निरंतर उनके सपनों को साकार करने का प्रयास करते रहते हैं। रोटरी क्लब के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए में स्वयं इस परंपरा से प्ररेणा और शक्ति प्राप्त करता रहता हूं।
उन्होंने महाविद्यालय के संचालन तथा विकास कार्यों में उत्कृष्ट योगदान करने के लिए प्राचार्य डॉ. संजय सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया। शासी निकाय के सदस्य एस.पी. चतुर्वेदी ने महाविद्यालय के विकास के साथ-साथ अकादमिक शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल-कूद, राष्ट्रीय केडट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित क्रिया कलापों की प्रशंसा की। प्राचार्य डॉ.संजय सिंह ने स्व.पं. द्वारिका प्रसाद दुबे के योगदान को रेखांकित किया। शिक्षण समिति के सदस्य पं. महेश दुबे, सत्य प्रकाश चतुर्वेदी, कमल दुबे, अंजली चतुर्वेदी, ध्रुवजा दुबे, पूनम मिश्रा, सचिन दुबे, विमल त्रिपाठी, एन.के. वर्मा, नितिन त्रिपाठी, अमित तिवारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में स्व. पं. द्वारिका प्रसाद दुबे की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की गई।



संस्थापक दिवस समारोह में उपस्थित अतिथि।

# आशीर्वाद भवन के लिए देंगे 20 लाख रुपए

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार की संस्कृति व संस्कार ने मुझे बहुत प्रभावित किया। ये बातें तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छग द्वारा आयोजित मकर संक्राति समारोह में मुख्य अतिथि की आसँदी से कही। उन्होंने विधायक मद से 20 लाख रुपए निर्माणाधीन आशीर्वाद भवन लोखंडी को देने की घोषणा की। मंच के प्रदेशाध्यक्ष बीके पान्डेय के नेतृत्व एवं सहयोग के लिए साधुवाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक शैलेष पान्डेय ने कहा कि पहले टेंट लगाकर कार्यक्रम करते थे, अब छत है। अतिथियों का स्वागत आदित्य त्रिपाठी, राजेश पान्डेय, अमित तिवारी, सुदेश दुबे, लक्ष्मीकाँत दीक्षित, बसँत बाजपेई, मनोहर लाल मिश्र ,शास्वत तिवारी, प्रभात अवस्थी, सुरेंद्र तिवारी, रामशंकर शुक्ल, संजय तिवारी, योगेश मिश्र, केएस अवस्थी, चन्द्रप्रदीप बाजपेई, सुनील दत्त मिश्र ने किया। सेवानिवृत्त शिक्षक रश्मिलता मिश्रा का सम्मान किया गया। श्री राधाकृष्ण एवं क्राँतिवीर पँ.चन्द्रशेखर आजाद निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कार एवं छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण किया किया गया। मासिक पत्रिका ब्रम्ह आलोक के 127 वे अँक का विमोचन अतिथियों ने किया। छत्तीसगढ़ में निवासरत कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार की गणना का शुभारंभ किया गया। भवन निर्माण के लिए देवेन्द्र बाजपेई ने 1 लाख 11 हजार 1 सौ 11 रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में अमित तिवारी, संजय तिवारी, आदित्य त्रिपाठी आदि मौजूद थे।



# समाज हित में करेंगे काम : सुशांत

**बिलासपुर।** कान्य कुब्ज भवन इमलीपारा में रविवार को मकर संक्रान्ति पर मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशान्त शुक्ला, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शैलेष पान्डेय, वन अधिकारी संजय त्रिपाठी का नवयुवक कान्य कुब्ज विकास समिति के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने स्वागत किया। इसके बाद युवा विधायक श्री शुक्ला का कार्यकारणी ने स्वागत अभिनन्दन किया। साथ ही पूर्व विधायक शैलेष पान्डेय व संजय त्रिपाठी का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर दिल्ली अपोलो अस्पताल में रहे डा. तरूण मिश्रा ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। विधायक शुक्ला ने कहा कि वे समाज के हित के लिए सदैव आगे होकर प्रयास रत रहेंगे। पूर्व विधायक शैलेष पान्डेय ने सभी को संक्रांति की बधाई देकर कहा वे अब सामान्य व्यक्ति के रूप में रहकर समाज के लिए शहरवासियों के लिए अपना समय देंगे। संजय त्रिपाठी ने ब्राम्हण समाज की एकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन अनिल तिवारी ने किया। इसमें शिब्बू गुप्ता एवं पार्टी ने राम मय भजन प्रस्तुत किया। लोगों ने खिचड़ी भोग, तिल लड्डू का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष डा. आरती पान्डेय, राम प्रसाद शुक्ला, मनोज शुक्ला, प्रभात मिश्रा, राजीव अवस्थी, गोपाल मिश्रा, मनोज तिवारी, शिवा मिश्रा, चन्द्र प्रदीप बाजपेयी, संदीप बाजपेयी, राहुल दुबे, अरुण शुक्ला, योगेश तिवारी, राजन दीक्षित, अभिषेक मिश्रा, अनुग्रह मिश्रा, अशोक मिश्रा आदि उपस्थित थे।



# अग्रवाल समाज के मकर संक्रांति समारोह में विधायक अमर ने की पतंगबाजी

**बिलासपुर।** अग्रवाल समाज द्वारा मकर संक्रांति महापर्व को एक अद्भुत रूप में मनाने की शुरुआत की गई। भगवान सूर्य के उत्तरायण होने अर्थात मकर राशि में प्रवेश करने पर मकर संक्रांति का महापर्व मनाया जाता है। इस दिन दान पुण्य और पतंग बाजी करने की परंपरा है। इसे ध्यान में रखते हुए अग्रवाल समाज ने रविवार को एएस फन में इस त्यौहार को बहुत ही उत्साह से मिलकर मनाया।

एएस फन में कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक अमर अग्रवाल ने हॉट बैलून उड़ा कर पतंगबाजी की और सभी तरह के फन गेम्स को खेल का आनंद उठाया। बच्चों के लिए बहुत तरह के फन गेम्स और लकी गेम्स रखे गए थे। महिलाओं ने लकी गेम्स का आनंद लिया। लोगों ने पतंगबाजी का जमकर लुत्फ उठाया। पतंगबाजी में छोटे-छोटे बच्चों के साथ बड़े-बड़े लोगों ने भी अपने बचपन को जिया। समाज के सभी लोगों ने इस नए कार्यक्रम की शुरुआत के लिए आयोजकों को बधाइयां दी। इस दौरान समाज के लोगों ने विविध कार्यक्रमों का जमकर आनंद लिया और इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोगों ने अतिथियों का सम्मान किया।

कार्यक्रम में बिलासपुर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल, सचिव विनोद मित्तल, अग्रवाल नवयुवक समिति के अध्यक्ष आलोक चौधरी आदि उपस्थित थे।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग.**
**ईश्तहार / नोटिस / समंस**
क्र. 134/अ.वि.अ./रीडर-1/ 2024
तखतपुर, दिनांक 12.01.2024
अपील प्रकरण क्रमांक-147/अ-6 (अ)/2022-23
अनिमेष शर्मा पिता आशिष शर्मा वगै.
निवासी ग्राम हाउस नं. 1011 ए/ 2
डॉ. विश्वास के सामने पुष्कर नगर,
आधार ताल जबलपुर (म.प्र.)
विरूद्ध
शशि प्रभा शर्मा पति स्व. अशोक कुमार शर्मा
निवासी मकान नं. ए.डी./36 आसमाँ कॉलोनी,
तहसील-सकरी, जिला बिलासपुर
प्रति,
1. शशि प्रभा शर्मा पति स्व. अशोक कुमार शर्मा , निवासी मकान नं. ए.डी./36 आसमाँ कॉलोनी, तहसील-सकरी, जिला बिलासपुर
आपीलार्थी अनिमेष शर्मा पिता स्व. आशीष कुमार शर्मा वगै. निवासी ग्राम हाउस नं. 1011ए/2 डॉ. विश्वास के सामने पुष्कर नगर, आधार ताल जबलपुर (म.प्र.) द्वारा ग्राम सकरी, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर, स्थित भूमि खसरा नं. 382/10, कुल रकबा 0.020 हे. भूमि एकड़, के संबध में न्यायालय तहसीलदार सकरी के ई.कोर्ट प्रकरण क्रमांक 202107071000003 / 723 / अ-6 / 2022 - 2023 आदेश दिनांक 07.03.2022 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील आवेदन पेश किया गया है।
अतः एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06.02.2023 को प्रातः 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अनुपस्थित रहने आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग.**



14- JAN- BSP- p-3_Layout 1 1/15/2024 1:35 AM Page 1




साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित हरिभूमि के रंगोली सजाओ प्रतियोगिता में रंग भरती युवतियां।


हरिभूमि के आयोजन में प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि।


मेहंदी लगाओ स्पर्धा में बच्चे से लेकर युवा व बुजुर्ग शामिल हुए।

**हरिभूमि के स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता में आर्या और सायना प्रथम**

# हरिभूमि के आयोजन में निखरी प्रतिभाएं रंगोली-मेहंदी में उकेरी उम्मीदों की उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित बीएनआई व्यापार मेला में रविवार को हरिभूमि-आईएनएच व बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला के तत्वावधान में स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता सहित रंगोली और मेहंदी सजाओ स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें नन्हे बच्चों से लेकर युवाओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। युवतियों ने रंगोली और मेहंदी में अपने विचारों को रूप दिया।

सबसे पहले सुबह 10 बजे से 12 बजे के बीच स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता दो वर्गों 0 से 3 वर्ष और 3 से 5 वर्ष में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल के डॉ. अशोक अग्रवाल, डॉ. शिखा अग्रवाल, अपोलो हॉस्पिटल के डॉ.सुनील कुमार, स्टॉर चिल्ड्रन हॉस्पिटल के डॉ. एमएच सिद्धीकी और श्री शिशु भवन के डॉ. श्रीकांत गिरी रहे। उन्होंने प्रतियोगिता में स्तनपान, टीकाकरण व बच्चों के वजन एवं लंबाई के आधार पर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान दिया। विजेताओं को अतिथियों व हरिभूमि की टीम ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हरिभूमि के जीएम प्रियंक परिहार ने बताया कि कार्यक्रम के तहत पोषण, खाद्य सुरक्षा व स्तनपान के संबंध में महिलाओं को जागरूक करना ही हमारा उद्देश्य रहा।

## इन बच्चों को मिला हेल्दी बेबी का पुरस्कार

हरिभूमि द्वारा आयोजित स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता में 180 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल ने उन्हें परखने के बाद हेल्दी बेबी का पुरस्कार दिया। इसमें 0 से 3 वर्ष के वर्ग में सायना साहू प्रथम, किंशु पाण्डेय द्वितिय और आर्या साहू तृतीय स्थान पर रहीं। इनके अलावा हेल्दी बेबी के रूप में निर्वेद, अवंतिका, शिवांशी, अनिरुद्ध मिश्रा और आयुक्ता को सांत्वना पुरस्कार मिला। 3 से 5 वर्ष के वर्ग में आर्या पाण्डेय को प्रथम, आर्या मिश्रा को द्वितिय और दिव्यांशी सोनी को तृतीय पुरस्कार मिला। साथ ही विभोर, आशीष पाण्डेय, शानविका, अथर्व व अभव और सिद्धीका वर्मा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## प्रतियोगिता से बच्चों में ऊर्जा का होता है संचार

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि हरिभूमि और बीएनआई व्यापार मेला द्वारा आयोजित ये प्रतियोगिता बच्चों की प्रतिभाओं को निखारता है। अभिभावक यहां अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर पहुंचे। यहां उन्हें उनके बच्चों के शारीरिक विकास के बारे में पता चला। कार्यक्रम में अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ, इससे बच्चों में ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने आयोजन समिति को इस तरह के आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सिद्धी विनायक ग्रुप के विवेक बाजपेयी, आधारशिला बिल्डकॉन के अजय श्रीवास्तव, सत्या ग्रुप के गौरव खेडिया, करियर पॉइंट के किरण पाल चांवला उपस्थित रहे।

# रंगोली, मेहंदी में किया कला का प्रदर्शन

## स्पर्धाओं में भाग लेने उमड़ी भीड़, दिए गए प्रथम, द्वितीय, तृतीय व विशेष पुरस्कार

हरिभूमि, आईएनएच एवं बीएनआई बिलासपुर द्वारा रविवार को आयोजित स्वस्थ शिशु, रंगोली सजाओ, मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रतिभागियों ने सभी स्पर्धाओं में भारी उत्साह दिखाया एवं अपने अद्भूत कला कौशल का प्रदर्शन किया। सभी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, विशेष एवं ढेरों सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

कार्यक्रम में सबसे पहले मंचस्थ अतिथियों का पुष्प गुच्छ से सम्मान किया गया। इसके बाद हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और बताया कि स्वस्थ शिशु स्पर्धा दो वर्ग एवं रंगोली सजाओ व मेहंदी लगाओ स्पर्धा तीन वर्गों में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि हरिभूमि पत्रकारिता के साथ ही सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने का पूरा प्रयास करता है। ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को मंच मिलता है। हरिभूमि चाहता है कि इस मंच के माध्यम से प्रतिभाएं अपने हुनर को लेकर जागरूक हों और सामने आकर अपनी प्रतिभा दिखाएं। कार्यक्रम का संचालन सीनियर मैनजर आईटी ज्योति बाजपेयी एवं आभार प्रदर्शन महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने किया।

### समाज का आधार है हरिभूमि

मेला आयोजन समिति के प्रमुख किरण सिंह चावला ने कहा कि हरिभूमि समाज का आधार है। इनके द्वारा ऐसे आयोजनों के माध्यम से प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रयास किया जाता है। यह एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने बताया कि आयोजन समिति द्वारा मेले में शहर की प्रतिभाओं, युवाओं, महिलाओं, विभिन्न आयु वर्ग के सीनियरों का सम्मान किया गया है। यदि कोई अच्छा कर रहा हो तो उसे प्रोत्साहित करने से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। आने वाले समय में मेला का स्वरूप वृहद होगा। हमारा प्रयास है कि यहां के व्यापार मेले का नाम पूरे भारत वर्ष में हो।

### मेला शहर की पहचान

आधारशिला विद्या मंदिर के डायरेक्टर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि उद्योग व्यापार मेला शहर की पहचान है। हरिभूमि के इन आयोजनों से मेले में चार चांद लग जाता है। बीएनआई ने इस आयोजन का बीड़ा उठाया है। इससे मेला आयोजन की परंपरा बरकरार रहेगी। यह गौरव की बात है।

### पहला इनाम होता है यादगार

वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक बाजपेयी ने कहा कि स्वस्थ शिशु स्पर्धा बहुत ही बढ़िया आयोजन है। उन्होंने कहा कि बच्चों को मिलने वाला पहला इनाम बहुत ही यादगार होता है। उन्हें भी बचपन में स्वस्थ शिशु स्पर्धा में कंबल इनाम मिला था, जिसे परिजन बार-बार बताते रहते हैं। इससे एक सुखद एहसास होता है। कार्यक्रम में गौरव खेड़िया, गणेश अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे।

### रंगोली, मेहंदी में राम मंदिर की छवि

रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता में अयोध्या का राम मंदिर छाया रहा। अधिकांश प्रतिभागियों ने भगवान राम, शबरी, माता सीता, माता कौशिल्या एवं राम मंदिर के चित्र को रंगोली में उकेरा एवं रघुनंदन के प्रति श्रद्धा जताई। इन्हीं पर आधारित मेहंदी भी सजाई गई। निर्णायकों की भूमिका में विद्या केडिया, शिल्पी अग्रवाल केडिया, अंकिता खेडिया, निलम परिहार, वीना त्रिपाठी, संगीता सानन रहीं।

### 15 मिनट में बना ली रंगोली

अशोक नगर निवासी पांच वर्षीय निरीक्षा मिश्रा ने श्री गणेश लिखी एक रंगोली मात्र 15 मिनट में तैयार कर ली। निरीक्षा चार साल की उम्र से रंगोली सजा रही है।

### मकर संक्रांति पर रहा फोकस

प्रतिभागियों ने मकर संक्रांति पर भी रंगोली बनाई। छात्रा दिशा कुडापे ने पतंग, लड्डू के साथ एक महिला का चित्र उकेरा और दर्शाया कि ये पर्व दान पुण्य का है।

### नशा से दूर रहने दिया संदेश

अशोकनगर की रत्ना साहू की रंगोली नशे को दूर भगाना है, जीवन में खुशियां लाना है के स्लोगन के साथ रही। उन्होंने बताया कि नशा नहीं करना चाहिए।

### मेहंदी लगाना लगता है अच्छा

जबड़ापारा की कु. अंजली राव को मेहंदी लगाना अच्छा लगता है। अपने इस शौक के चलते वह गर्मी की छुट्टियों में मेहंदी लगाने अभ्यास करती है ताकि इस कला में निखार आ जाए।

### मेहंदी आर्टिस्ट बनना मकसद

14 वर्षीय अवन्या गुप्ता ने खुद के हाथ में एकदम बारीक मेहंदी लगाई। उसने बताया कि उसकी मम्मी उसे मेहंदी कला में पारंगत होने प्रोत्साहित करती हैं।

### दिखा अपार उत्साह

हरिभूमि द्वारा आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में भी भगवान राम को लेकर ज्यादा मेहंदी लगाई गई। भगवान राम के सामने अन्य डिजाइन बौने साबित हुए।

### सोशल मीडिया का सदुपयोग

छात्रा दीक्षा सोनवानी ने अपनी रंगोली के जरिए लोगों को संदेश दिया कि सोशल मीडिया का दुरूपयोग न करें। इसका हमारे जीवन में गलत असर पड़ता है।

### रघुनंदन का है राजतिलक

बसंत विहार की शिवानी चौहान ने मेहंदी में रघुनंदन का राजतिलक किया, राज सिंहासन राम का, राम का होगा नाम के स्लोगन के बीच मेहंदी में राम चरित्र को दर्शाया।

### दोस्ती होती है प्रगाढ़

सरकंडा की वीणा गंधर्व एवं दीप्ति मरावी दोनों ने एक-दूसरे के हाथों में मेहंदी लगाई। उन्होंने बताया कि दोनों फ्रेंड्स हैं और कुछ भी काम एक साथ करने उनका प्रयास रहता है।

### रंगोली में दिशा, हिना और दामिनी प्रथम

रंगोली के विजेताओं में 5 से 15 वर्ष में दिशा सोनवानी प्रथम, यज्ञसेनी पटेल द्वितीय, निरीक्षा मिश्रा तृतीय, ईश्वरीय यादव, पलक देवांगन, रत्ना साहू, पायल यादव, वैदिका गुप्ता, सुनीता यादव, पूजा देवांगन को विशेष पुरस्कार, 16 से 25 वर्ष में हिना निर्मलकर प्रथम, पूजा पटेल द्वितीय, ज्योति महिलांगे व कांक्षी टेकाम तृतीय, 26 से ऊपर में दामनी कश्यप प्रथम, निशा मिश्रा द्वितीय, शुभांगी पाण्डेय तृतीय, अल्का देवांगन, नंदिनी जांगड़े, ज्योति शर्मा को विशेष पुरस्कार मिला। वहीं मेहंदी 5 से 15 वर्ग में अतिका परवीन प्रथम, वंदना यादव द्वितीय, कुमकुम सोनी, बानो विश्वकर्मा, लक्की शर्मा, प्रिंसी ठाकुर, भूमि साहू, जिया देवांगन, यामिनी कश्यप, श्रुति यादव को विशेष पुरस्कार, 16 से 25 वर्ग में विनिता प्रसाद प्रथम, आयुषि देवांगन द्वितीय, अंजली राव, दामिनी तिवारी, मौसमी राय, शिखा यादव, मासूम रजक, अंकिता परते, करूणा बघेल, सरिता खैरवार, मुस्कान परवीन, आकांक्षा साहू, शालिनी केंवट, किरण सूर्यवंशी, निकिता प्रजापति, ममता रात्रे को विशेष पुरस्कार, 26 से ऊपर में नंदिनी जांगड़े प्रथम, शिवानी द्वितीय, दीपिका जायसवाल, दामिनी कश्यप तृतीय स्थान पर रहीं। विशेष पुरस्कार वंदना कौशिक व निकिता जयसिंग को दिया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर हरिभूमि के प्रोडक्शन मैनेजर मनीष त्रिपाठी, विज्ञापन प्रबंधक रामेश्वर सोनी, सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषि, राजेश सानन, भुवन देवांगन, प्रशांत सिंह, असलम, लक्ष्मी गुप्ता, नवीन मिश्रा, तारणी शुक्ला, मोहन, सूरज, डेजी नाथ, रेखा साहू, नाजिया, अनिल शर्मा, रितेश शर्मा, रेखा साहू सहित हरिभूमि परिवार के सदस्य उपस्थित थे।


बच्चे की जांच करते डॉ अशोक अग्रवाल।


डॉ सुशील कुमार ने आयोजन में दी सेवाएं।


शिविर में बच्चे की जांच करती डॉ शिखा अग्रवाल।


बच्चे का परीक्षण करते डॉ. श्रीकांत गिरी।


जांच करते डॉ एमएच सिद्दीकी।


स्वस्थ शिशु स्पर्धा में प्रतिभागी को पुरस्कार देते अतिथि।


कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों को सलाह देते डॉक्टर।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।


रंगोली प्रतियोगिता में रंग भरती छात्राएं।


भगवान राम और सीता के चित्र को रंगोली से उकेरा।


रंगोली प्रतियोगिता की जजेस श्रीमती विद्या केडिया शिल्पा केडिया व अंकिता खेड़िया।


निर्णायकों को रंगोली दिखाती छात्राएं।


हथेलियों पर बनाई राममंदिर की तस्वीर।


मेंहदी में भगवान श्रीराम को उकेरा।


मेंहदी दिखाती युवतियां।



स्वस्थ शिशु स्पर्धा में पुरस्कार देते अतिथि।



मेंहदी लगाओ प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करते।

## खबर संक्षेप

### निशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन एक मार्च से

**बिलासपुर।** आरटीई के तहत शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों के माध्यम से बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के लिए आरटीई डॉट सीजी डॉट इन पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए प्रथम चरण का पंजीयन 1 मार्च से 15 अप्रैल, नोडल अधिकारियों के द्वारा दस्तावेजों की जांच 18 अप्रैल से 17 मई, लॉटरी का आबंटन 20 मई से 30 जून तक और स्कूल दाखिला 1 जून से 30 जून तक किया जाएगा। द्वितीय चरण का पंजीयन 1 जुलाई से 8 जुलाई, नोडल अधिकारियों के द्वारा दस्तावेजों की जांच 9 जुलाई से 15 जुलाई, लॉटरी का आबंटन 17 जुलाई से 20 जुलाई तक एवं स्कूल दाखिला 22 से 31 जुलाई तक किया जाएगा।

### चाकू, तलवार लहराते दो बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने तलवार, चाकू लहराकर अशांति फैलाने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा टीआई जेपी गुप्ता ने बताया, सूचना मिली बहतराई में एक व्यक्ति चाकू लेकर घूम रहा है और लोगों को धमकाकर मारने के लिए दौड़ा रहा है। श्री गुप्ता के निर्देश प्रमोद सिंह, विवेक राय, संजीव जांगड़े ने बहतराई में घेराबंदी करते हुए बहतराई निवासी मनोज यादव पिता अलखराम यादव 24 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। इसी तरह बहतराई निवासी निकेश साहू उर्फ चीकू पिता स्व. शिव साहू 27 साल को पकड़कर उसके कब्जे से तलवार बरामद की गई है। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवती को गाड़ी में बैठाने की कोशिश, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रास्ता रोककर युवती से छेड़खानी कर हाथ पकड़कर जबरदस्ती गाड़ी में बैठाने की कोशिश करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती 11 जनवरी को सुबह 5.30 बजे अपनी सहेली के साथ प्रशिक्षण के लिए जा रही थी। इसी दौरान उषा टावर के पास ओमनगर जरहाभाठा निवासी वीरभद्र तिवारी पिता स्व. रमाशंकर तिवारी 32 साल उनका रास्ता रोककर छेड़खानी करते हुए हाथ पकड़कर गाड़ी में बैठाने की कोशिश करने लगा। युवती व उसके सहेली के द्वारा विरोध करने पर युवक भाग गया था। 13 जनवरी को सुबह युवती को प्रशिक्षण देने वाले भूतपूर्व सैनिक के द्वारा समझाइश देने पर युवक ने शराब की बोतल से मारने की कोशिश की। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर धारा 354, 506 के तहत वीरभद्र को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रताड़नाः पत्नी ने की खुदकुशी, पति गिरफ्तार

**बिलासपुर।** प्रताड़ना से त्रस्त्र होकर पत्नी के द्वारा आग लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। सकरी टीआई राजेश मिश्रा ने बताया, उसलापुर निवासी सरिता तिवारी 36 साल ने वर्ष 2020 में विकास मसीह से आर्य समाज में प्रेम विवाह किया था। विकास बेरोजगार था और सरिता बहतराई स्कूल में शिक्षिका थी। वह घरेलू बातों व आए दिन पैसे मांगकर मारपीट करते हुए प्रताड़ित करता था। प्रताड़ना से त्रस्त होकर 10 दिसंबर 2023 को सरिता ने अपने घर में थिनर डालकर आग लगा ली थी। 20 दिसंबर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद धारा 306 के तहत आरोपी पति विकास को गिरफ्तार कर लिया है।

### रास्ते में न्यायालय का पार्सल चोरी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** राजनांदगांव जिला न्यायालय से हाईकोर्ट भेजा गया पार्सल रास्ते में चोरी हो गया। पुलिस ने डाकघर अधीक्षक की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, डाकघर अधीक्षक विनय कुमार प्रसाद ने शिकायत में कहा है 23 व 24 अक्टूबर को पार्सल हब से रेलवे मेल को प्रधान डाकघर के लिए 278 पार्सल बैग मिले थे। उसमें से 9 बैग चकरभाठा उप डाकघर भेजा जाना था। डाकघर के कर्मचारियों ने 8 पार्सल बैग चकरभाठा भेजा दिया। एक बैग कहीं गायब हो गया है। जानकारी होने पर डाकघर में जांच की गई। बैग का पता नहीं चलने पर अधीक्षक ने चोरी होने की रिपोर्ट लिखाई।

# साढ़े 76 लाख राशन कार्ड बदलने की तैयारी, पूर्व मंत्रियों की हटेंगी फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के साथ ही हर जगह बदलाव का दौर शुरू हो गया है। खाद्य विभाग और राशन कार्ड भी इससे कैसे अछूते रह सकते हैं। भाजपा की सरकार बनने के बाद अब जल्द ही राशन कार्ड में छपी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की तस्वीर हटाई जाएगी और नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और खाद्य मंत्री की फोटो लगाने की तैयारी है।

- अब राशन कार्ड बदलने में खर्च होंगे करोड़ों रुपए
- कार्ड पर सीएम और खाद्य मंत्री की तस्वीर छापने की है परंपरा

हालांकि इसका आधिकारिक आदेश अभी सरकार की ओर से नहीं आया है, लेकिन विभागीय अधिकारी इसकी तैयारी में लग गए हैं। बिलासपुर जिले की बात करें तो फिलहाल जिले में बने 5 लाख 32 हजार राशन कार्डों का स्वरूप बदलने लिए लगभग 1 करोड़ 86 लाख 20 रूपए खर्च होंगे। अधिकारियों के मुताबिक पूरा राशन कार्ड नहीं बल्कि उसका सिर्फ कवर बदला जाएगा।

राज्य अथवा केंद्र में जब कभी सरकारें बदलती हैं, तो नई सरकार अपनी पहचान स्थापित करने के लिए कुछ बदलाव करती हैं। 2018 में चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस सरकार ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा लागू कई चीजों को बदल दिया था। पहले राशन कार्ड में किसी नेता की तस्वीर नहीं होती थी। मगर 2018 में जब कांग्रेस सरकार ने नए सिरे से राशन कार्डों की छपाई की, तब इसके कवर पेज पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की तस्वीर छापी गई। हर राशन कार्ड में दोनों की तस्वीर है। अब सरकार बदल चुकी है इसलिए राशन कार्ड भी बदला जाएगा।

## बदलाव में करोड़ों रुपए होंगे खर्च




हालांकि नए राशन कार्डों की छपाई कोई मामूली बात नहीं है। इसके लिए बड़ी रकम खर्च होगी। खाद्य विभाग द्वारा वेबसाइट पर दिए गए आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में वर्तमान में कुल 76 लाख 62 हजार 211 परिवारों ने अपना राशन कार्ड बनवा रखा है। यह आंकड़ा अभी और बढ़ेगा, क्योंकि स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ संबंधित परिवारों के पास राशन कार्ड होने पर ही मिलेगा। बड़ी संख्या में अभी भी लोगों ने इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रक्रिया पूरी नहीं की है। ऐसे में सरकार को नए राशन कार्डों को छपवाने में करोड़ों रूपये लग जायेंगे। स्वाभाविक है कि इसकी भरपाई प्रदेश की जनता से मिलने वाले टैक्स से ही की जाएगी। जिले की बात करें तो वर्तमान में 5 लाख 32 हजार परिवारों के पास राशन कार्ड है। प्रत्येक कार्ड की छपाई के पीछे लगभग 35 रुपए का खर्चा आता है। ऐसे में सरकार को नए राशन कार्डों को छपवाने में जिले में ही 1 करोड़ 86 लाख 20 हजार रुपए खर्च होगा।

## आचार संहिता में नहीं गया ध्यान

विस चुनाव के पूर्व आचार संहिता के दौरान नेताओं के होर्डिंग, दीवारों पर लिखे नाम, पम्पलेट आदि को हटाया गया था, लेकिन राशन कार्ड पर किसी का ध्यान नहीं गया। नेताओं की तस्वीर वाले राशन कार्ड आचार संहिता के दायरे में आते हैं लेकिन इस पर कार्रवाई नहीं हुई। संभवतः यह राशन कार्ड हितग्राहियों के पास होने के चलते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, क्योंकि चाहकर भी इतनी बड़ी संख्या में राशनकार्डों से तस्वीरों को तत्काल विलोपित नहीं किया जा सकता था।

## आदेश नहीं आया है

राशन कार्ड बदले जाने की अभी तो कोई आधिकारिक सूचना या आदेश नहीं आया है। बदलना भी पड़ा तो सिर्फ कवर ही बदला जाएगा।

**- अनुराग सिंह भदौरिया,** खाद्य नियंत्रक

## स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने तीन बड़ी योजनाओं में लापरवाही

# 28.56 करोड़ के 3 स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स दो साल बीते, नहीं हो सका निर्माण

स्मार्ट सिटी योजना का खिलाड़ियों का नहीं मिला रहा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा दिलाने बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड खेल के तीन प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। जून 2023 के बाद से युवा खिलाड़ी 28.56 करोड़ के 3 प्रोजेक्ट्स का फायदा उठा सकेंगे, लेकिन इसमें 24.69 करोड़ के दो प्रोजेक्ट का ठेका एक ही ठेकेदार श्रद्धा कंस्ट्रक्शन और 3.87 करोड़ का एक काम सुशांत राय कंस्ट्रक्शन को मिला है। ऐसे में दोनों प्रोजेक्ट तय समय पर काम पूरा हो, इसकी कोई गारंटी नहीं है। दो बार कंपनियों को एक्सटेंशन मिल चुका है। इसके बाद भी काम अधूरा है।

बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने तीन बड़े प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। शहर के पुराने और प्रतिष्ठित शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक मल्टीपरपज स्कूल मैदान को मिनी स्टेडियम और ट्रेनिंग हॉल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी तरह संजय तरण पुष्कर परिसर में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाया जा रहा है। इसके अलावा शासकीय बिलासा देवी कन्या महाविद्यालय मैदान में महिलाओं के लिए विशेष तौर पर पिंक स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। इन तीनों प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद खिलाड़ियों को सर्व सुविधायुक्त मैदान, ट्रेनिंग हॉल और प्रैक्टिस के लिए जगह मिलेगी तो वहीं भविष्य में खेलों के राष्ट्रीय स्तर के आयोजन होने से बिलासपुर का नाम देश के मानचित्र में उभरेगा।



मल्टीपरपज स्कूल मैदान में चल रहा निर्माण कार्य।

### प्रदेश में पहला स्टेडियम

यहां खो-खो मैदान, एथलेटिक ट्रैक, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट, वालीबाल कोर्ट, कबड्डी मैदान, लांग और हाई जंप ट्रैक, जॉगिंग ट्रैक, इंडोर जिम होंगे। यहां मल्टी-एक्टीविटी हॉल भी बनाया जाएगा, जहां अलग-अलग छोटे-मोटे खेल गतिविधियों का संचालन किया जा सकेगा। यहां खिलाड़ियों के लिए रेस्ट रूम भी बनाया जाएगा, जहां बाहर से आने वाले खिलाड़ी रूक सकेंगी। यह प्रदेश में महिलाओं के लिए पहला स्टेडियम है। स्टेडियम में दो जगह दस-दस की संख्या में टॉयलेट बनाए जाएंगे। चेंजिंग रूम भी होगा। पार्किंग भी बनाई जाएगी।

### रेस्टोरेंट और जिम भी

यहां स्पोर्ट्स क्लब, स्विमिंग पुल, इंडोर ग्राउंड, मल्टी एक्टिविटी हॉल, जिम, मेडिटेशन हॉल, लेज स्पॉ, रेस्टोरेंट की सुविधा होगी। तीन मंजिला इस कांप्लेक्स में बेसमेंट में पार्किंग,ग्राउंड फ्लोर में रिसेप्शन और रेस्टोरेंट संचालित किया जाएगा। प्रथम तल में खिलाड़ियों के लिए बैडमिंटन और स्क्वैश कोर्ट होगा। द्वितीय तल में इंडोर गेम्स का संचालन किया जाएगा। काम्प्लेक्स के तीसरे माले में एक सर्व सुविधायुक्त जिम होगा जहां शहरवासी एक्सरसाइज और अन्य फिजिकल वर्क कर सकेंगे।

### 6 महीने की लेटलतीफी

वर्क ऑर्डर : 31 मार्च 2022
डेड लाइन : 15 माह
जून 2023 तक पूरा होना था
लागत : 14.91 करोड़
ठेकेदार : श्रद्धा कंस्ट्रक्शन

### डिजाइन पर ही सवाल

वर्क ऑर्डर : 31 मार्च 2022
डेड लाइन : 15 माह
जून 2023 तक पूरा होना था
लागत : 9.78 करोड़
ठेकेदार : श्रद्धा कंस्ट्रक्शन

### अब भी काम अधूरा

पिंक स्टेडियम (जीडीसी)
वर्क ऑर्डर : 31 मार्च 2022
डेड लाइन : 14 माह
पूरा होगा : मई 2023
लागत : 3.87 करोड़
ठेकेदार : सुशांत राय

### मिलेगी सौगात

स्टेडियम समेत स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के बन जाने से बिलासपुर में खेल सुविधाओं का विस्तार होगा। बड़े स्तर के आयोजन से खेल के परिदृश्य से बिलासपुर का नाम होगा और खिलाड़ियों को एक सर्व सुविधायुक्त मैदान और ट्रेनिंग सेंटर की सौगात मिलेगी। प्रदेश का पहला पिंक स्टेडियम भी शहर में बन रहा है।

**- राकेश जायसवाल**
प्रभारी आयुक्त




राघवेंद्र राव सभा भवन के सामने धरना देते समिति के सदस्य।

# बगैर जमीन के 4सी एयरपोर्ट संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का धरना रविवार को जारी रहा, इस दौरान सदस्यों ने कहा कि सेना के हिस्से की जमीन मिले बगैर एयरपोर्ट पूर्ण निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है, सदस्यों ने कहा कि 4 सी एयरपोर्ट के लिए तत्काल सेना के हिस्से की जमीन ली जानी चाहिए, जबकि पिछली सरकार ने इसके लिए 90 करोड़ रूपए जमा कराए है और एनओसी प्राप्त की है।

धरने में सदस्यों ने कहा कि राज्य में नई सरकार को बने एक माह का समय बीत चुका है। हवाई सुविधा विस्तार और एयरपोर्ट को लेकर सरकार को बिना देरी के काम शुरू कराना चाहिए। इसके लिए 258 एकड़ जमीन वापस लेकर 4सी एयरपोर्ट बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकती है। अलायंस एयर केन्द्र के आधीन कार्य करती है, 31 अक्टूबर से बिलासपुर से दिल्ली की उड़ान जारी है लेकिन यह अफसोस की बात है कि सीधी उड़ान होने का किराया 7 हजार 300 रूपए रखा गया है, इसके बावजूद यात्री मिल रहे हैं, फिर भी हफ्ते में कई बार फ्लाइट कैंसिल कर दी जाती है। ऐसे में हवाई यात्रियों का रोष एयरपोर्ट को झेलना पड़ रहा है।

### सुविधाओं की है कमी

एयरपोर्ट में केंटीन और आटो की सुविधा नहीं है। जिस केंटिन का एयरपोर्ट के अंदर शुरू कराया गया है, वहां तीगुनी दरों पर सामान मिल पाता है, कई बार एयरपोर्ट पर घंटों इंतजार करना पड़ता है, ऐसे में लोगों को महज एक ही केंटीन से खाने का समान लेना पड़ता है, जिसके चार्ज लोगों के होश उड़ा देती है। वहीं कार और कैब की सुविधा भी नहीं है। जहां देश के अन्य राज्यों में उबर, ओला की सुविधा एयरपोर्ट आने जाने के लिए मिलती है, वहीं चकरभाठा एयरपोर्ट पर उतरने वाले यात्रियों को एक किमी तक पैदल चौक तक आना पड़ता है।

# महमंद में चोर ले उड़े 2 लाख का माल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात घरवाले सोते रहे, इधर चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम सहित 2 लाख का सामान चोरी कर लिया। घरवालों को भनक तक नहीं लगी। रात 3 बजे घर के सदस्य नींद से जागे तब चोरी की जानकारी हुई। देर रात तक पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई थी।

- नहीं लग सका चोरों का सुराग

तोरवा पुलिस के अनुसार, 13 जनवरी को महमंद शांती विहार निवासी योगेन्द्र कुमार निषाद पिता हिराउराम निषाद के परिवार के सदस्य सो गए थे। वे रात 1.30 बजे मोबाइल में काम करने के बाद सो गए। देर रात चोरों ने उनके मकान में धावा बोलकर पेटी में कपड़ा को छोड़कर सोने का पदक, गेंहूदाना की माला, सोने की अंगूठी, टाप्स, फूल्ली, पायल, हाफ करधन व 66 हजार रुपए चोरी कर आसानी से भाग गए। घरवालों को चोरों के घुसने व बाहर निकलने की भनक तक नहीं लगी। रात 3 बजे श्री निषाद की बुआ रत्नाबाई, उनका बेटा विकल्प बाथरूम करने के लिए उठे तब चोरी की जानकारी हुई। घर के बाहर दोनों पेटी टूट हुई पड़ी हुई मिली। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री निषाद की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है।



मौके पर जांच करती पुलिस।

### रात्रि गश्त बंद, 14 दिन में तीसरी चोरी



महमंद क्षेत्र में रात्रि गश्त नहीं होने से चोर गिरोह आतंक मचा रहे हैं। विगत 14 दिन में तीसरी चोरी की वारदात हो गई है। इसके पहले 3 जनवरी को महमंत शिव विहार निवासी सुनील सोनकर के घर 2 लाख, 5 जनवरी को महमंद रोड निवासी ठेकेदार प्रयास सोनकर के 6 लाख की चोरी हुई थी। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है और एक बार फिर चोरी की वारदात ने क्षेत्र के पुलिसिंग की पोल खोलकर रख दिया है।

## 23 दिन बाद मिले दो कोविड के मरीज

**बिलासपुर।** साल की शुरूआत से ही जिले में कोविड के मरीज नहीं मिले हैं, लेकिन रविवार को जिले में फिर दो कोविड संक्रमित पाए गए हैं। इसे पहले 22 दिसंबर को 1 कोविड पाजिटिव पाया गया था। दोनों ही शहर के भीतर पाए गए हैं, जिनका टेस्ट सिम्स में कराया गया है और आरटीपीसीआर टेस्ट में रिजल्ट पॉजिटिव पाया गया है।

कोनी स्थित ग्रीन गार्डन के 54 वर्षीय व्यक्ति की रिपोर्ट संक्रमित पाई गई है, वहीं कोनी के 30 वर्षीय व्यक्ति कोविड से पीड़ित है। दोनों को आईसोलेशन में रहने की हिदायद स्वास्थ्य विभाग ने दी है। सोमवार को इनके परिवार के अन्य सदस्यों की जांच की जाएगी। शहर में पिछले एक महीने से 10 से अधिक कोविड जांच सेंटर संचालित हैं जहां प्रतिदिन औसतन 60 से 80 लोगों की जांच की जा रही है लेकिन 22 दिनों के भीतर यह पहला मामला है जब दो लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है।

# आरटीओ की जांच में 37 बसें अनफिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आरटीओ ने स्कूल बसों की जांच की, इस दौरान 37 बसे अनफिट मिली, पुलिस ग्राउंड में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस तथा स्वास्थ्य विभाग के टीम के द्वारा रविवार को बसों की जांच की गई। 208 स्कूल बसों की सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार 16 बिन्दुओं के आधार पर जांच की गई, जिसमें 171 स्कूल बसों निर्धारित मापदण्ड में सही पाई गईं।

37 बस अनफिट पाई गईं। 4 स्कूल बसों पर 1 हजार रूपये शमन शुल्क लगाया गया है। स्कूल बस से टैक्स का 23 हजार रूपए जमा कराया गया। 37 बसो में परमिट के 2, बिना फिटनेस 2, बिना सुरक्षा जाली 11, बिना रिफ्लेक्टर 6 तथा 16 स्कूल बसों में अग्निशमन यंत्र व प्राथमिक उपचार एक्सपायरी प्रकरण पाया गया है। जिन्हें 3 दिनों के भीतर दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।




बसों का परीक्षण करते आरटीओ अधिकारी ।

### स्वास्थ्य विभाग ने कराया परीक्षण

स्वास्थ्य विभाग ने वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण एवं बी. पी. शुगर जांच किया। जिसमें गैस्टो 12, बुखार 6, चर्मरोग 11, शुगर 16 बीमारी पाए गए। आरटीओ अनुभव शर्मा ने कहा कि जिन स्कूल बस द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार वाहन का संचालन नहीं किया जा रहा है, उन पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान निरीक्षक केके चौबे, प्रशांत शर्मा, रघुवीर सिंह ध्रुव उपस्थित रहे।

### यातायात विभाग ने बताए नियम

यातायात पुलिस के डीएसपी संजय साहू ने तेजगति में वाहन संचालन एवं शराब व नशे में वाहन चलाने पर दंड के प्रावधानों का उल्लेख किया और समझाइश दी। इसके साथ ही गलत साईड में वाहन नहीं चलाने एवं यातायात के नियमों का पालन नहीं करने पर होने वाली कार्रवाई के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान एसआई निशीकांत दुबे, वेदराम साहू, संतनदेव जोगी,करण सोनी उपस्थित रहे।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# एनटीपीसी अधिकारी के सूने मकान में चोरों का धावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एनटीपीसी अफसर के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर पूरा मकान खंगाल डाला है। अफसर के लौटने के बाद चोरी गए सामान का आंकलन हो पाएगा। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है।



सीपत टीआई नरेश चौहान ने बताया, एनटीपीसी कालोनी निवासी नक्कू रमेश सिनियर इंजीनियर के पद पर पदस्थ हैं। वे मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ आगरा चले गए हैं। शनिवार की रात चोरों ने उनके मकान में धावा बोलकर पूरा मकान खंगाल डाला है। चोरों के द्वारा आलमारी तोड़ी गई है, किन्तु डिजिटल लाकर होने के कारण वे उसे तोड़ नहीं पाए हैं। बहरहाल इंजीनियर के लौटने के बाद चोरी गए सामान का आंकलन हो पाएगा। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है।

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।

राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर स्पेशल ट्रेन 12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

## खबर संक्षेप

### भर्रीडांड़ में अक्षत कलश यात्रा के साथ निकली झांकी



**भर्रीडांड।** अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत भर्रीडांड़ में रविवार को अक्षत कलश यात्रा के साथ चारों भाइयों की झांकी निकाली गई। जिसमें आस पास के ग्रामीणों का समूह उमड़ पड़ा। आतिश बाजी, गाजे बाजे के साथ यह यात्रा बरहो चौरा से शुरू होकर पूरे गांव में घर घर जा कर अक्षत बांट कर निमंत्रण दिए। इसके पश्चात अक्षत कलश यात्रा का समापन बरहो चौरा में हुआ। 22 जनवरी को मंदिर में घी के 2100 सौ दीप प्रज्वलित किए जाएंगे और भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच सुमन सिंह वाकड़े, प्रकाश चन्द राय, प्रमोद राय, प्रभात राय, सुभम राय, अजय रजक, सन्दीप मिश्रा, नथुलाल केवट, एवं गाँव के सभी नागरिक उपस्थित रहे।

### काष्ट शिल्प प्रशिक्षण का लाभ ले रहे ग्रामीण युवक



**जरहागांव।** गांव के शिक्षित युवक व युवतियों को हस्थ कला में पारंगत बनाने ग्रामोद्योग विभाग हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा ठाकुरिकापा में 90 दिवसीय परीक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान अनेक युवक कला प्रशिक्षण केंद्र पहुंचकर निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। प्रशिक्षक रमेश मरपच्ची ने बताया कि उन्नत व उच्च कौशल प्रशिक्षण 18 वर्ष के आयु वर्ग के लिए मासिक वृत्ति सहित संबंधित प्रशिक्षण इकाइयों में निर्धारित अवधि के लिए उन व्यक्तियों को जिन्होंने बुनियादी प्रशिक्षण पूरा कर लिया है और अपने ट्रेड में उन्नत प्रशिक्षण के इच्छुक हैं या तकनीकी योग्यता वाले उम्मीदवार जो अपने स्वयं के उद्यम शुरू करने या प्रतियोगी क्षेत्रों में उपयुक्त रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु कुछ विशेष उच्च कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं। प्रशिक्षण में संत गुरु घासीदास, कृष्ण, मयूर, बस्तर मणियां, मटका रखी, महिला, हाथी, बैल, गुलाब फूल, मछली, गणेश, लक्ष्मी माता, गौतम बुद्ध आदि का लकड़ी से डिजाइन तैयार कर रहे है। प्रशिक्षण केंद्र में नागेंद्र आहिरे, विरेंद्र डाहिरे, सूरज कोशले, महेश लहरे, राहुल खूंटे, हीरावन, कोशले, भानुप्रताप टंडन, रामबहादुर लहरे, ठाकुरराम डाहिरे, उमेश लहरे प्रशिक्षण ले रहे है।

### कार्यकर्ताओं ने राम मंदिर पड़ाव पारा से सफाई अभियान किया शुरू



**करगी रोड कोटा।** भाजपा मंडल नगर द्वारा प्रधानमंत्री के आहवान पर अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में देश के सभी मंदिरों, देवस्थलों में 14 से 22 जनवरी तक साफ सफाई अभियान होना है 1 राम मंदिर पड़ाव पारा से साफ सफाई अभियान का शुभारंभ भाजपा कार्यकर्ता वेंकटलाल अग्रवाल जिला संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला बिलासपुर, महाराज सिंह नायक मंडल अध्यक्ष , सुलेस पांडे मंडल महामंत्री, दुर्गेश साहू मंडल उपाध्यक्ष, प्रदीप कौशिक सांसद प्रतिनिधि, मुरारी लाल गुप्ता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ,गन्नू गुप्ता पूर्व एल्डर मैन, अमरनाथ साहू पार्षद ,लखन साहू पार्षद, सविता नामदेव अध्यक्ष महिला मोर्चा, अंजना चौकसे पूर्व पार्षद, मनीष कौशिक युवा मोर्चा महामंत्री, राजू साहू ,राहुल सिंह ,विष्णु मरावी, रूप किशोर अग्रवाल, प्रवीण कोल आदि उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया सफाई अभियान



**पेंड्रा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूरे देश में 14 जनवरी तक मंदिर प्रांगण और पूजा स्थलों में सफाई अभियान चलाने का आग्रह किया है। उसके अंतर्गत साईं मंदिर प्रांगण में नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप जायसवाल द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। टॉयलेट की व्यवस्था को दुरुस्त कराया गया। उक्त अभियान में साईं समिति से श्रीराम गुप्ता, बबलू विश्वकर्मा, चंदन केशरवानी, राजेश सोनकर, नरेन्द्र सोनकर, चित्राणी जयसवाल, सरिता राठौर, लालू जैन, पप्पू श्रीवास, आशीष जयसवाल उपस्थित रहे। सभी क्रे द्वारा स्थानीय दुकानदारों से स्वच्छता में सहयोग की अपील की गई।

## आगर नदी में की गई गंगा आरती, मंदिरों में रहेगी भीड़

# मकर संक्रांति पर बाजार में बिक रहे तिल के लड्डू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मकर संक्रांति परंपरागत तौर पर इसे देवताओं का दिन माना गया हैं। इसलिए संक्रांति से ही शादी-ब्याह, गृह प्रवेश आदि मांगलिक कार्यो की शुरूआत हो जाएगी। संक्रांति के पुण्यकाल में स्नान, पूजा दान किया जाएगा। बाजारों में भी तिल के लड्डूओं की बिक्री हो रही हैं।

सूर्य देव के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश को मकर संक्रांति कहा जाता हैं। यह पर्व दक्षिण भारत में पोंगल के नाम से मनाया जाता हैं। ज्योतिषियों ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन से सूर्य उत्तरायण हो जाएगा। उसकी गति दक्षिण से उत्तर दिशा की ओर होगी। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार सूर्य के दक्षिणायन रहने के दौरान जुलाई से जनवरी तक के छह महीनों को देवताओं का शयनकाल कहा जाता हैं। मकर संक्रांति से देवताओं का जागरण काल शुरू होगा तो राक्षसों का शयन काल इसी दिन से प्रारंभ होना माना जाता हैं। इस दिन तिल, गुड़ का सेवन करना पुष्टिकारक माना जाता हैं। इस मान्यता के चलते लोग तिल के लड्डू रिश्तेदारों परिचितों को दान करेंगे। मकर संक्रांति पर सरोवरों में स्नान, दान का विशेष महत्व होता हैं। बाजारों में भी पिछले एक सप्ताह से तिल के लड्डूओं की बिक्री जोरों पर हैं।



बाजार में बिकने के लिए रखे तिल के लड्डू।

### तिल-गुड़ की मांग बढ़ी

पर्व के एक माह पूर्व ही तिल-गुड़ की मांग बढ़ गई हैं। बीते साल की तुलना में इस साल दोनों वस्तुओं के दाम में तेजी बताई जा रही हैं। व्यवसायी ने बताया खुला तिल इस समय दो सौ रूपए तक बिक रहा हैं। पैकेट वाला तिल दो सौ रूपए किलो बिक रहा हैं। गुड़ भी पचास रूपए, लाई पचास से साठ रूपए किलो बिक रही हैं।

### मंदिरों में श्रद्धालुओं की रहेगी भीड़

नगर एवं क्षेत्र के मंदिरों में भी लोग विशेष पूजा-अर्चना कर तिल के लड्डू का दान करते हैं। मकर संक्रांति के पूर्व संध्या पर आगर नदी में गंगा आरती की गईं। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजनों ने भाग लिया। क्षेत्र के सेतंगगा मंदिर परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ रहती हैं।



### बिलासपुर से आए पतंग प्रेमियों ने जीपीएम में बनाया माहौल

**पेंड्रा।** मकर संक्रांति पर मल्टीपरपस हाई स्कूल ग्राउंड में बिलासपुर से आए पतंग प्रेमियों ने पतंगबाजी का माहौल बना दिया। पतंगबाजी के माहौल को देखकर जिले के उन पुराने पतंग प्रेमियों को अपने पुराने दिन याद आ गए, जब वे भी पतंगबाजी कर इस माहौल का आनंद उठाते थे। बिलासपुर से पतंग बाजी करने वाहिद अली चिस्ती, आफ़ताब आलम, महबूब अली, नितिन कुशवाहा, सुनील गिरी, सौमित्र बोस, जावेद इक़बाल, छोटू ख़ान मल्टीपरपस हाई स्कूल ग्राउंड पेंड्रा पहुंचे थे। उन्होंने सुबह 11 से शाम 5 बजे तक पतंगबाजी की।



शिविर में उपस्थित अतिथि व प्रशासनिक अफसर।

## शिविर में बालिकाओं को दी गई सुरक्षा संबंधी जानकारी

**पेंड्रा।** सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति द्वारा संचालित ग्रामीण विद्यालयों के साथ नगरीय विद्यालय की छात्राओं के लिए दो दिवसीय आवासीय बालिका शिविर का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर पेंड्रा में आयोजित किया गया। शिविर में 70 छात्रों एवं 12 संरक्षक आचार्याओं ने अपनी सहभागिता दी।

शिविर का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय न्यायाधीश किरण थवाईत एवं सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति के जिलाध्यक्ष नीरज जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिला सचिव प्रकाश नामदेव द्वारा प्रस्तावित उद्बोधन में सरस्वती शिशु मंदिर छत्तीसगढ़ प्रांत एवं जीपीएम जिले में चल रहे विद्यालयों की संख्यात्मक जानकारी के साथ बालिका शिविर के संबंध में विचार प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती थवाईत ने बालिकाओं को विभिन्न एक्ट, पाक्सो एक्ट तथा विभिन्न घटनाओं से संबंधित कानूनी जानकारी प्रदान की। अपने माता-पिता के सपनों को साकार करने अपना लक्ष्य निर्धारण के साथ-साथ पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। जिला समिति के अध्यक्ष नीरज जैन द्वारा आभार एवं बालिका शिक्षा पर अपने विचार रखें गए। शाम को सभी बच्चों का परिचय एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सहभागी बहनों द्वारा प्रस्तुत किया गया। ग्राम भारती ग्राम समिति की कोषाध्यक्ष दिव्या चंदेल ने प्रथम सत्र में छात्राओं को जागरूक किया। द्वितीय सत्र में सीएमएचओ डॉक्टर ए नागेश्वर राव एवं डॉक्टर अभिमन्यु सिंह ने संयुक्त रूप से अनेक बीमारियों से बचाव के उपाय बताए।

## हर भारतीय के संकल्प से बनेगा विकसित भारत: मरपच्ची



**गौरेला।** नगर पंचायत गौरेला के कार्यालय प्रांगण में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रणव मरपच्ची विधायक मरवाही, कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगोत्री बाई राठौर अध्यक्ष न.पं.गौरेला, विशिष्ट अतिथि कन्हैया लाल राठौर एवं संदीप जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि विधायक प्रणव मरपच्ची ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की महती योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम को महेंद्र सोनी, मुकेश दुबे, मथुरा सोनी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बालकृष्ण अग्रवाल एवं अभार उपअभियंता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पार्षद ममता मार्को, अमोल पाठक, मोहित राजपूत, विनती निलेश साहू, संध्या राव, प्रियंका अग्रवाल, मगदलिनी जेम्स, दिलीप विश्वकर्मा, लाल सिंह मरावी, गुना बाई राठौर, तुलसी पेन्द्रो, शिव प्रसाद रोहणी की उपस्थिति एवं शहर के गणमान्य नागरिक मो. हसन, कल्लु राजपुत, सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह में विद्यार्थियों किया गया जागरूक

**गौरेला।** नेहरू युवा केंद्र संगठन बिलासपुर जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के जिला युवा अधिकारी सौरभ निषाद के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेविका शालिनी नामदेव द्वारा 11 जनवरी को माधव राव सप्रे कॉलेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सड़क सुरक्षा का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

जिसमें यातायात विभाग के उप निरीक्षक श्री हेमंत पटेल यातायात थाना गौरेला ने युवाओं को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए बताया कि हेलमेट की जीवन में आवश्यकता क्या है और सुरक्षित ड्राइविंग कैसे की जाए इन मुद्दो पर विस्तार से बताया। एवं उपस्थित हेड कांस्टेबल शिव शंकर, लक्ष्मी नारायण एवं आशुतोष चतुर्वेदी यातायात पेट्रोलिंग चालक ने ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि लाइसेंस बनवानी की विधि क्या है एवं उसके लाभ क्या क्या है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.केआर साहू ने बताया कि हमारा जीवन कितना मूल्यवान है। इन छोटी गलतियों से हम अपना जीवन दांव पर ना लगाएं और सुरक्षित ड्राइविंग करें। चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग करें। मोटरसाइकल चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी भाग लिया। रासेयो प्रभारी संदीप टंडन ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में उन्हें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। नेहरू युवा केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान चयनित 25 ₹मेरे भारत स्वयंसेवक₹ यातायात पुलिस के साथ जुड़कर आम जनों को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगे एवं 30 दिवसीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेंगे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

## योजनाओं का लाभ दिलाने निकाली संकल्प यात्रा



**पेंड्रा।** पेंड्रा नगर पालिका परिषद में रविवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची शामिल हुए। श्री मरपच्ची ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लीडरशिप में चलाई जा रहीं विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने अनेक योजनाओं का उल्लेख किया। शिविर में विधायक द्वारा अनेक हितग्राहियों को पात्रतानुसार योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए गए। विधायक प्रणव मरपच्ची ने कार्यक्रम में मौजूद जनसमूह को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई और विकसित भारत संकल्प यात्रा कैलेंडर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंड्रा नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने की। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया राठौर, भाजपा नेता नीरज जैन, राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, पार्षद राकेश चतुर्वेदी, प्रवीण राय, पवन त्रिपाठी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अरुणा गणेश जायसवाल, पार्षद शरद गुप्ता, सीएमओ कन्हैया निर्मलकर सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### तिवारी ने एसडीएम का पदभार किया ग्रहण



**करगी रोड कोटा।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में नव पदस्थ पीयूष तिवारी ने एसडीएम का पदभार ग्रहण किया। श्री तिवारी पूर्व में तहसीलदार व सीईओ जनपद पंचायत कोटा में रह अपनी सेवा दे चुके हैं। मस्तूरी में एसडीएम के पद में पदस्थापना के बाद कोटा एसडीएम का पद भार ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि आम जनता की समस्याओं को सुन कर समस्याओं का निदान करने का प्रयास कर रहे हैं।

## आत्मानंद स्कूल में सात दिवसीय रासेयो शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर ग्राम कोदवा महंत में संपन्न हुआ। शिविर में बच्चों को नित्य क्रिया, प्रार्थना, व्यायाम, श्रमदान परियोजना बौद्धिक परिचर्चा शिविर में स्वच्छता संबंधी अभियान के तहत ग्राम पंचायत कार्यालय की सफाई की गई।

स्कूल प्रांगण के आसपास की भी सफाई की गई, पौघरोपण एवं नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। शिविर में स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला ग्राम कोदवा महंत के बच्चों द्वारा भी विभिन्न प्रस्तुति दी गई।शिविर में एनएसएस के वालंटियर भूपेंद्र साहू के द्वारा देश भक्ति गीत, आदित्य गुप्ता, श्रेयांश गुप्ता, शिवम, शैलेंद्र, डिकेश्वर के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। वैभव आनंद एवं पीटीआई दिशान जेकब को सफल शिविर आयोजन करने हेतु सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा, अधिवक्ता रवि शर्मा, अध्यक्ष युवा मोर्चा संदीप सोनी, प्राचार्य अरुण कुमार जायसवाल, पुष्पलता मरावी सरपंच ग्राम कोदवा महंत, एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष देवी जयसवा एवं वरिष्ठ व्याख्याता एनजी गोस्वामी, बीआर चेलक , व्याख्याता ममता कौशिक, गरिमा पाठक, कंचन कर्मकार, अंकित जॉनसन, विजय विश्वकर्मा, अनिष्का त्रिपाठी एवं शिक्षक शेफाली सोनी, संगीता साहू, प्रीति राजपूत, नवीन टंडन, अमर दास, मौलश्री उपाध्याय, भूपेंद्र कोर्ते, परिणीता दास, करण साहू, अंगद चंद्राकर, चंद्र प्रकाश साहू, पूर्व सरपंच सतेश्वर जायसवाल, नरेंद्र खत्री, भृत्य संतोष मरकाम एवं शाला के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सर्व यादव समाज के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह



**भर्रीडांड।** सर्व यादव समाज की बैठक में नवनियुक्त सर्व यादव समाज जीपीएम के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह नेचर कैंप में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ यदुकुल श्रेष्ठ देवकी नंदन वासुदेव भगवान कृष्ण के समक्ष द्विप प्रज्जवलित कर, फूल माला अर्पित कर जय यादव जय माधव का जयकारा लगाकर किया गया। छत्तीसगढ़ सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु मुख्यअतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहें।गौरैला पेंड्रा मरवाही के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री दुर्गेश यादव और उनके जिला कार्यकारणी,ब्लॉक कार्यकारणी के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष श्री रमेश यदु व विशिष्ट अतिथि श्रीमती धनमती यादव जिला पंचायत सभापति गरियाबंद, श्रीमती गीता यादव जिला अध्यक्ष महिला सर्व यादव समाज कोरबा की उपस्थिति में समाज के प्रति दायित्वों का शपथ ग्रहण किए। जीपीएम जिले के सभी ग्राम पंचायतों कि यादव समुदाय की बडी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थिति रही। वहीं प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने बताया कि छत्तीसगढ़ में यादवों की संख्या 35 लाख हैं जिसकी कुल आबादी 12 से 13 प्रतिशत के लगभग हैं। यादव समाज की 35 लाख जनसंख्या होने के बावजूद भी छत्तीसगढ़ के मंत्री मण्डल में यादव समाज को स्थान नहीं मिला है। यह हमारे यादव समाज की उपेक्षा हैं। उन्होंने कहा कि अहीर रेजिमेंट बनना चाहिए। जब राजपूताना रेजिमेंट, गोरखा रेजिमेंट, सिख रेजिमेंट है तो अहीर रेजिमेंट क्यों नहीं हो सकता। बिल्कुल होना चाहिए। अहीर रेजिमेंट हक है हमारा। सर्व यादव समाज की माताओं, बहनों व भाइयों से संगठित रहने और अपने अधिकार की लड़ाई लड़ने की सभी से अपील की।

## घरों-घर हो रही अक्षत कलश की पूजा, स्वागत



अक्षत कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुजन।

**मुंगेली।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होने जा रहा है और इसका न्योता देने के लिए अयोध्या से अक्षत कलश भेजे गए हैं। जिले के ग्राम कोदवाबानी में यह कलश रविवार को पहुंचा। ग्रामीणों ने इसमें बड़ी संख्या में भाग लिया। वहीं अक्षत कलश के पहुंचने पर ग्रामीणों से गर्मजोशी से स्वागत किया। अक्षत कलश को गांव के विभिन्न मोहल्ले में दर्शनों हेतु ले जाया गया। राम भक्तों ने सुंदर पूजा अर्चना किया। साथ ही इन कलशों को दर्शनों के लिए रथ में स्थापित किया गया है। कार्यकर्ताओं के द्वारा इन कलशों में रखे पीले रंग के चावल लेकर प्रत्येक घर घर में जाकर 22 जनवरी को घरों में कम से कम पांच दीपक जलाने और महाउत्सव में भाग लेने के लिए लोगों को न्योता दिया गया। ग्राम चारभाठा में 8 से 11 फरवरी को 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ होना प्रस्तावित है। इसके लिए गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं प्रत्येक घर से अन्नघट व दानदाताओं से राशि संग्रह किया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग.**
**ईश्तहार / नोटिस / समंस**

क्र. 134/अ.वि.अ./रीडर-1/ 2024
तखतपुर, दिनांक 12.01.2024
अपील प्रकरण क्रमांक-147/अ-6 (अ)/2022-23
अनिमेष शर्मा पिता आशिष शर्मा वगै.
निवासी ग्राम हाउस नं. 1011 ए/ 2
डॉ. विश्वास के सामने पुष्कर नगर,
आधार ताल जबलपुर (म.प्र.)
विरूद्ध
शशि प्रभा शर्मा पति स्व. अशोक कुमार शर्मा
निवासी मकान नं. ए.डी./36 आसमाँ कॉलोनी,
तहसील-सकरी, जिला बिलासपुर
प्रति,
1. शशि प्रभा शर्मा पति स्व. अशोक कुमार शर्मा ,
निवासी मकान नं. ए.डी./36 आसमाँ कॉलोनी,
तहसील-सकरी, जिला बिलासपुर

आपीलार्थी अनिमेष शर्मा पिता स्व. आशीष कुमार शर्मा वगै. निवासी ग्राम हाउस नं. 1011ए/2 डॉ. विश्वास के सामने पुष्कर नगर, आधार ताल जबलपुर (म.प्र.) द्वारा ग्राम सकरी, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर, स्थित भूमि खसरा नं. 382/10, कुल रकबा 0.020 हे. भूमि एकड़, के संबध में न्यायालय तहसीलदार सकरी के ई.कोर्ट प्रकरण क्रमांक 202107071000003 / 723 / अ-6 / 2022 - 2023 आदेश दिनांक 07.03.2022 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील आवेदन पेश किया गया है।

अत: एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06.02.2023 को प्रात: 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अनुपस्थित रहने आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग.**

## दशरंगपुर में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यायाम शिक्षक जावेद कोसले के मार्गदर्शन में कराया गया।कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के व्याख्याता विकास शर्मा, जीएस राय, आर श्रीवास, जीएल सिंगरौल, उपेंद्र देवांगन, सावन यादव, आरपी दुबे, वायके भास्कर, दीपक सिंह, दीक्षा सिंगसर्वा, सीपी पांडे, अंजू सिंह, ए बांधले, एस तिर्की एवं सफाई कर्मी चंद्रेश कश्यप का योगदान रहा।

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।